e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 168
शुक्रवार
21.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सब कुछ खोने में हमारी हार नहीं है, असली हार है उस उम्मीद को खोने में जिसके दम पर हम सब कुछ पा सकते हैं।




## क्विक न्यूज

### मिलावटी शराब पीने से 34 लोगों की मौत, सीएम ने 10 लाख के मुआवजे का ऐलान किया

**चेन्नई :** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से कम से कम 34 लोगों की मौत हो चुकी है, जिले के कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की। जहरीली शराब से जान गवाने वाले लोगों के लिए सीएम एमके स्टालिन ने 10 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, शराब से बीमार होने वाले लोगों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया गया है। पूर्व जज जस्टिस बी गोकुलदास को इस मामले की जांच करने और 3 महीने में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जस्टिस गोकुलदास जांच समिति के एकमात्र सदस्य हैं।

### फिर मुश्किल में आप सांसद संजय सिंह, कोर्ट ने जारी किया वारंट

**सुल्तानपुर.** सुल्तानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है. पंचायत चुनाव के दौरान दर्ज हुए इस आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में संजय सिंह कई पेशियों से हाजिर नहीं हुए थे. बहरहाल इस मामले में अब 29 जून को सुनवाई होगी. ये मामला है पंचायत चुनाव के दौरान का है. जहां 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थानाक्षेत्र के हसनपुर में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अपनी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी सलमा बेगम के लिए बिना अनुमति के जनसभा को संबोधित किया था.

### सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही दो सहेलियों की कार से कुचलकर मौत

**कोटा :** सिमलिया थाना इलाके में गुरुवार सुबह कार की टक्कर से दो सहेलियों की मौत हो गई। कार की गति इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर 20 फीट दूर झाड़ियों में गिर गई।सिमलिया थाना प्रभारी दलपत सिंह ने बताया कि ज्योति प्रजापत पुत्री बजरंग लाल प्रजापत और वर्षा नागर पुत्री बृजगोपाल नागर सिमलिया गांव में पावर हाउस बस्ती के पास रहती थीं और पड़ोसी थीं। दोनों सहेलियां गड़ेपान फैक्ट्री के ट्रेनिंग सेंटर में सिलाई सिखाने जाती थीं। फैक्ट्री जाने के लिए कोटा-बारां हाईवे पर पावर हाउस बस्ती के सामने सड़क किनारे रेलिंग पर बैठकर गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान कोटा की तरफ से इनोवा कार स्पीड में आई और रेलिंग को तोड़ते हुए दोनों को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में दोनों को कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों के पैर कट गए थे।

### केंद्र ने मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की दी अनुमति

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने दो अफ्रीकी देशों मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। अधिसूचना के मुताबिक इन दोनों देशों को एक-एक हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जारी एक अधिसूचना में कहा है कि मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दी गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

---

**सीएम ने की कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक**

# किसानों को बनाया जाएगा सशक्त : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें , क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सीएम चम्पाई सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में ये बातें कही। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन श्रीमती किरण पासी, निदेशक उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

**किसानों की समृद्धि से राज्य की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**



#### योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखती है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

#### लैम्प्स- पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स - पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद-और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स-पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

#### किसानों के एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपए तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपए तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए।

#### राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए। ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

---

# नीट परीक्षा नहीं होगी रद्द : धर्मेंद्र प्रधान

**जांच के लिए सरकार हाईलेवल कमेटी का करेगी गठन**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि नीट की परीक्षा फिलहाल रद्द नहीं होगी। यूजीसी नेट परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी कल मिली थी। सरकार एक हाईलेवल कमेटी गठित करने जा रही है, जो इस प्रकरण में एनटीए को और बेहतर बनाने के लिए काम करेगी। हम जीरो एरर की परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं विपक्षी दलों से अपील करता हूं कि इसपर राजनीति न की जाए। उन्होंने कहा कि मैं छात्रों के सीधे संपर्क में हूं। छात्रों का आक्रोश सही है। यह जैसे ही स्पष्ट हुआ कि डार्क नेट पर यूजीसी-नेट का प्रश्न पत्र यूजीसी नेट के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाता है, हमने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। विद्यार्थियों की हित हमारी प्राथमिकता है। उसके साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होगा। नीट परीक्षा के संबंध में हमें बिहार सरकार की ओर से लगातार संपर्क में हैं। पटना से हमारे पास कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है, पटना पुलिस इस घटना के तह तक जा रही है। डिटेल रिपोर्ट जल्द ही भारत सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा,पुख्ता जानकारी आने पर दोषियों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनटीए हो या एनटीए में कोई भी बड़ा व्यक्ति हो, जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### पेपर लीक को नहीं रोक पा रहे प्रधानमंत्री : राहुल



**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा,सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए।राहुल ने कहा,नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी। लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते।

---

## 5 हजार रुपया घूस लेते पंचायत सेवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखण्ड कार्यालय से पलामू एसीबी की टीम ने 15वित्त योजना में पांच हजार रुपये घुस लेते पंचायत सेवक को रंगे हांथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत सेवक अर्जुन राम द्वारा 15वीं वित्त के तहत योजना संख्या 57975265 योजना ईट सोलिंग निर्माण में कार्य पूरा होने के बाद भुगतान करने की एवज में वादी से 5000 रुपया घुस मांगा गया था। वादी रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहता था इसकी शिकायत उसने पलामू एसीबी से किया था। जिसके बाद पलामू पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा एक टीम गठित कर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे। और शिकायतकर्ता को 5000 पंचायत सेवक को देने के लिए दिया। जहां जाल बिछाकर बैठे एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक एसीबी ने बताया कि मामले को लेकर पलामू थाना कांड संख्या 5/24 धारा 7 (ए) पी.सी ( अमेंडमेंट )एक्ट 2018 के तहत मामला दर्ज करते हुए अर्जुन राम पिता मुकंद राम ग्राम डुमारो पोस्ट निंद्रा थाना चंदवा जिला लातेहार निवासी पंचायत सेवक को गिरफ्तार किया गया है। वही एसीबी की टीम द्वारा हुई इस कार्रवाई से प्रखंड और जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

## नालियों की सफाई कराना प्राथमिकता : नगर विकास सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि राज्य के सभी शहरी निकायों में मानसून के मद्देनजर नाले नालियों की सफाई कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना प्राथमिकता होगी। गुरुवार को नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने चंद्रशेखर से प्रभार ग्रहण करने के बाद ये बातें कहीं।।उन्होंने कहा कि साथ ही सभी निकायों में जलजमाव की समस्या के रोकथाम के उपाय किये जायेंगे। इसके लिए निकायों के अधिकारियों को प्रभार ग्रहण करने के साथ ही



निर्देश भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति एवं सीवरेज संबंधी चालू योजनाओं को गति प्रदान कर उसका लाभ आम जनता को दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसकी जल्द ही समीक्षा की जायेगी। राजकमल ने कहा कि नगर विकास से संबंधित दीर्घावधि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सुधारात्मक निर्णय लेकर सकारात्मक पहल की जायेगी। सचिव ने कहा कि विभाग को नये कनीय अभियंताओं के पदास्थापन से विकास कार्यों के लिए बल मिला है। उन्हें प्रशिक्षित कर नगर स्तर पर होने वाले कार्यों की जवाबदेही सौंपी जायेगी। इससे स्थानीय स्तर के कामों में तेजी आयेगी। नगर विकास विभाग के कार्यों में अन्य विभागों के साथ संबंध रहता है। इसके लिए दूसरे विभागों के साथ समन्वय बना कर योजनाओं में तेजी लायी जायेगी।


---

# जम्मू कश्मीर जल्द बनेगा राज्य : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**श्रीनगर :** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने श्रीनगर में युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपें। कल श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह का पीएम नेतृत्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती हैं।

अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा।पीएम मोदी ने कहा उनकी सरकार ने सबको अधिकार और अवसर दिए हैं। महिलाओं को लाभ मिला। समाज के कमजोर तबकों की आवाज सुनी गई। पहली बार विधानसभा में एसटी समुदाय की सीटें आरक्षित की गई। पहाड़ी समुदाय, पाडरी, गड्डा ब्रहाम्ण को एसटी का आरक्षण मिला है। ओबीसी को उनके अधिकार मिले हैं।पीएम मोदी ने कहा,जनता को लेटलतीफी अब पसंद नहीं है। अब वो परिणाम चाहती है। हमारी सरकार रिजल्ट लाकर दिखाती है। इस प्रदर्शन के आधार पर जनता ने तीसरी बार चुना है। साठ साल बाद इसी प्रदर्शन के चलते इसी भरोसे के चलते जनता ने हमारी सरकार को चुना है।



### भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।



## हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीसी की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीसी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। साथ ही 15 वें वित्त आयोग की क्रमवार योजनाओं का चयन किया गया।बैठक में प्रस्ताव पारित कर बीडीओ समेत कई विभागों की कर्मियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की गयी।सर्वसम्मति से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उनके एक दिन की वेतन कटौती की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने अनुपस्थित कर्मियों व पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सक्रिय रहने की जरूरत है।बैठक में अनुपस्थित रहना कार्यों के प्रति उदासीन रवैया को दर्शाता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, मुखिया श्रवण राम, पंसस अजित सिंह, राजवंश यादव, रीता देवी, कलावती देवी, सोनापति देवी, अरबिंद कुमार मेहता, रूबी देवी, सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

## सर्वेश्वरी समूह द्वारा मरीजों के बीच फल और सामग्री का किया गया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** सर्वेश्वरी समूह के विश्रामपुर शाखा द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों के बीच फल, पानी बोतल और हस्त पंखा का वितरण किया गया। इसके अलावा आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीजों को भी फल और खाद्य सामग्री दी गई.मरीजों के बीच वितरण विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया.वितरण का संचालन कर रहे शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत मरीजों के बीच फल पानी और पंखा का हमेशा वितरण करता है। राजन पांडेय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह मानव सेवा के लिए हमेशा कार्य करता रहा है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ एम एन प्रसाद, डॉ अरविंद कुमार, आश्रम के सदस्य विनय पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी,राजू पांडेय, डॉ अनूप कुमार, अभय चंद्रवंशी, विनोद तिवारी, चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में नये थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल ने किया योगदान



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना में नये थाना प्रभारी के रुप में रामाशंकर पटेल ने योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया, और थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रभार लेने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुऐ कहा की थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी, साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। वही उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की, साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान को नियमित रूप से चलाने की बात कहीं, लोग अपनी समस्यों को लेकर हम से सीधे संपर्क कर सकते है, मौके पर एस आई शशि शेखर पांडेय, तंजीलुल मन्नान, बिरेन्द्र मेहता, धर्मेंद्र सिंह चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमीत कुमार, शिव कुमार, रमेश राम, समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रसिद्ध शिक्षक पारसनाथ सिंह का निधन, शोक

**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के कजरी निवासी शिक्षक पारसनाथ सिंह का निधन गुरुवार को अहले सुबह हो गया। वे 95 वर्ष के थे। वे बिल्कुल स्वस्थ्य थे लेकिन अचानक तबियत खराब होने के कारण उन्हे रविवार को मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को सुबह 5 बजे उनका देहांत हो गया। मालूम हो की पारसनाथ सिंह पलामू में पहचान के मोहताज नहीं थे। उनके पढ़ाए हुए सैकड़ों विद्यार्थी ऊंचे पद पर नौकरी किया. वे अपने पीछे बेटा, नाती पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ़ मंटू सिंह, मुखिया रंजना कुमारी सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने शोक जताया है।

## पत्थर माफिया के द्वारा नदी नालों का किया जा रहा है अतिक्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के फूलधेवईया एवं सुखनदिया नदी का अस्तित्व खतरे में आ गया है. एनसीपी नेता संदीप पासवान ने पलामू सांसद विडी राम को लिखित शिकायत ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है. एनसीपी नेता ने ज्ञापन में जिक्र किया है कि बरदाग कलीपुर गोसाइडीह से जो सर्वे का रास्ता जंगल की तरफ जाता था उस रास्ते को भी पत्थर एवं मिट्टी से भर दिया गया जिकसे कारण स्थानीय लोगों को जंगल जाने में समस्या आ रही है. सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है भारी वाहन दिन रात सड़क पर दौड़ रहे हैं धूलकण से लोग काफी परेशान है। नियमित रूप से अधिकांश जगहों पर पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। लोग पानी पीने की समस्या जूझ रहे है माइंस खदान में ब्लास्ट करने का कोई निर्धारित समय तय नहीं है. जिसके कारण घटनाएं घटते रहती है. स्थानीय लोग काफी भयभीत हैं. पत्थर माफियाओं के द्वारा नदी का अतिक्रमण करने के कारण जल संचय की भी समस्या उत्पन्न हो गयी है वही प्रभात मंत्र के पत्रकार का कहना है कि पूर्व से लेकर वर्तमान स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सैकड़ो बार इन समस्याओं को उठाया गया हैं लेकिन उसे बिना अंजाम तक पहुंचाएं जनप्रतिनिधि हरबार क्यों चुप हो जाते हैं यह बात समझ से परे हैं. सड़क का निर्माण हो जाने से आधी समस्याओं का समाधान हो जाता लेकिन निर्माण संबंधी कोई भी व्यक्ति कोई चर्चा नहीं करता। जिस प्रकार प्रतिवर्ष भूमिगत जलस्तर गिर रहा उसे देख कर तो यही लगता है की पिपरा प्रखंड की आने वाली पीढ़ियों को पानी के लिए बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार ने एनटीपीसी से वार्ता कर टंडवा क्षेत्र में नियमित बिजली की आपूर्ति कराने का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद कालीचरण सिंह एवं सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार से आज रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है ताकि तावा प्रखंड क्षेत्र के लोगों की वर्षो से पुरानी मांग पूरी हो सके। गौरतलब है कि 6 मार्च 1999 को एनटीपीसी की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने टंडवा प्रखंड मुख्यालय में रखी थी। तभी से टंडवा के लोगों की उम्मीद थी कि एनटीपीसी परियोजना शुरू होने के साथ ही टंडवा प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति नियमित हो सकेगी। लेकिन अब जबकि टंडवा एनटीपीसी से बिजली का उत्पादन हो रहा है बावजूद इसके टंडवा के लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं हो पा रही है। टंडवा के लोगों के लिए चिराग तले अंधेरा वाली कहावत पूरी तरह सटीक साबित हो रहा है। लेकिन चतरा के सांसद कालीचरण सिंह और विधायक किशन कुमार दास ने क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर कमर कस ली है।उन्होंने दोनों नेताओं ने कल जिला मुख्यालय में डीसी रमेश घोलप से इस मामले को लेकर मुलाकात की और आज रांची में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार से मुलाकात की। इस मामले में प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार ने कहा कि एनटीपीसी से वार्ता कर इस मामले को सुलझाया जाएगा और टंडवा प्रखंड क्षेत्र में नियमित बिजली की आपूर्ति हो सकेगी।इस मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, अक्षयबट पांडेय,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विकाश कुमार गुप्ता, रंजित कुमार गुप्ता के साथ बिजली के समस्या के समाधान के संबंध में वार्ता किया। उन्होंने आश्वासन दिया की एनटीपीसी के साथ बैठक कर एनटीपीसी से बात कर बिजली दिलाने का पूर्ण प्रयास करूंगा।

## डुमरा गांव में विहंगम योग समारोह वैदिक हवन एवं सत्संग के साथ संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखंड डुमरा गाँव में नरेश उराँव के घर में विहंगम योग का एक दिवसीय समारोह बुधवार को वैदिक हवन एवं सत्संग पाठ करने के तत पश्चात संपन्न हुआ।हवन समारोह में उपस्थित हुए अखिल भारतीय विधार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव ने बताया कि विहंगम योग ईश्वर प्राप्ति का सनातन वैदिक मार्ग है। जिसके बराबर अभ्यास से मनुष्य चारों फलों धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति करता है।संसार के सभी कार्यों को कुशलता पूर्वक करने के अंत में मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करता है,व्याप्त कुरीतियों का नाश करता है विहंगम योग। सोमेश्वर टाना भगत ने बताया कि विहंगम योग के व्यापक प्रचार-प्रसार से समाज में व्याप्त कुरीतियों का नाश होता है।तथा हम अपने वास्तविक रूप से परिचित होकर ज्ञान के प्रकार के सम्यक दृष्टि का जागरण करते हैं। विहंगम योग चेतन साधना का एक पक्ष है। जो समस्त प्राकृतिक आधारों का त्याग करके आत्मिक आधार से परमात्मा की भक्ति का संदेश देता है। आयोजन में नरेश उराँव, राजेश उराँव, सरोज उराँव, अमृता उराँव, रेनू उपस्थित थे।

## पलामू के सिंगरा में विशाल चातुर्मास लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** भारत वर्ष के महान सन्यासी संत पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत सिंगरा कला स्थित अमानत नदी तट शिववमंदिर के प्रांगण में आज से शुरू हो गया. यह चातुर्मास ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा से प्रारंभ होकर यह व्रत विजया दशमी को पूर्ण होगा. विजयादशमी की सुबह जल यात्रा के साथ पांच दीनी लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू होगा। चार माह तक पूर्ण रूपेण कुटी में निवास करते हुए बगैर अन्न ग्रहण किए यह व्रत करना सन्यासी परंपरा में तपस्या के रूप में जाना जाता है. व्रत समापन पर भव्य व विशाल लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होगा. इस यज्ञ में झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश सहित देश भर के साधु संत और महात्मा पहुचेंगे। इसके लिए दो सौ कमरा और लगभग 150 शौचालय का निर्माण कराया गया है। मालूम हो की स्वामी जी द्वारा घोषणा के बाद जनवरी माह से ही तैयारी शुरू है. सभी संतो को रहने और प्रसाद ग्रहण करने के लिए विशाल पंडाल का निर्माण कराया गया है। मौके पर उमाशंकर सिंह, विजय सिंह, हरेंद्र सिंह, भोला सिंह, प्रेम सिंह विजय शुक्ला, आनंद सिंह, सोनू सिंह सहित यज्ञ समिति के लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के नगर उंटारी-विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर एक बाइक वाले ने दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे दूसरे बाइक पर सवार सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के रेनुकूट निवासी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलो का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। बाद में दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने दोनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायलो में रेनुकूट निवासी बाल गोविंद राम तथा बिगन राम का नाम शामिल है। बिगन राम रेनुकूट का रेलवे कर्मचारी बताया जाता है।बताया जाता है कि दोनो बाइक सवार रेनुकूट से नगर उंटारी के भैस बेढ़वा ग्राम जा रहे थे।बीच मे ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 लाभुकों के बीच बत्तख व दवाइयों का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सा केंद्र में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 लाभुकों के बीच 15-15 बत्तख व दवाइयां का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा की ग्रामीणों के आय के श्रोत मे वृद्धि कर उनको स्वालंबी बनाने के उद्देश्य सें, झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2023 -24 के तहत स्वीकृत 20 लाभुकों को 15 - 15 बतख व दवाइयां दिया गया है।, आशा है कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे. वहीं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे ने बत्तख के चूजे का रख रखाव, खान पान तथा इसमें होने वाले बीमारियों का रोकथाम के विषय में बताया वहीं आवश्यक उपचार के संबंध में जानकारी भी दी ओर आवश्यक दवाइयों के बारे में बताया . मौके पर जिला परिषद् सदस्य रमेश राम, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी स्वास्थ्य कर्मी विनोद बैठा, मनोज उराव लाभुक उषा देवी, अनारी देवी, लालमानी देवी, सुले देवी, गीता देवी, कमला देवी, जगदीश उरांव, रमेश राम, धनेश्वर उरांव, रमेश उरांव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ की व्यवस्था दुरुस्त करें चिकित्सा प्रभारी : जिप उपाध्यक्ष

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी को बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे जबरा ग्राम निवासी राकेश प्रजापति के द्वारा फोन पर सूचना दिया गया कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को 15 लोग करीब 2 घंटे से विभिन्न प्रकार के जांच के लिए सीएचसी में बैठे हैं। लेकिन टेक्नीशियन नहीं आने के कारण जांच नहीं हो पा रहा है द्यजिसमे में कुछ लोग देर होने की वजह से निजी लैब से जांच कराकर घर की चले गए द्यसूचना के बाद उपाध्यक्ष के द्वारा ड्यूटी डॉक्टर एलिसा से बात किया। और सभी उपस्थित लोगों का जांच सुनिश्चित करने की बात कहीद्यजिसके बाद 10 मिनट के अंदर टेक्नीशियन के द्वारा सभी मरीजो का जांच किया गया द्यवही इस सबंध में उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी से भी बात किया। और कहा कि कुछ अन्य कारणों से टेक्नीशियन देर करके अस्पताल आते हैं। जिससे निजी जांच घर को फायदा पहुंचता है। जिस पर चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कही।

## क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा नगर क्षेत्र के बक्शीडीपा, रियाडा, छत्तर बगीचा, नवाडीपाड़ा, बी एस कॉलेज में भ्रमण कर स्थानीय जनता से मुलाकात किया एवं क्षेत्र की जनता से रूबरू होते हुए। अमन के दौरान आम जनता के द्वारा पेयजल,सड़क निर्माण,बिजली निर्माण,बिजली ,राशन कार्ड,आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिस पर माननीय मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी से संपर्क कर समस्या को दूर किया और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। माननीय मंत्री ने कहा की हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना है। मैं लोहरदगा की जनता की सुख-दुख का साथी हूं,हर एक समस्याओं का क्रमवार समाधान करने के लिए प्रयासरत हूं। गांवों शहरों सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर मैं आम जनता के द्वार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान कर रहा हूं।

## सरकार की दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना की घोषणा सिर्फ छलावा : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अगस्त 2022 में सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू किया था फिर वर्तमान मुख्यमंत्री पच्चीस यूनिट बढ़ाते हुए एक सौ पच्चीस किया अब दो सौ करने जा रहे है। कर्नल संजय कुमार सिंह बीजेपी के वरिष्ठ नेता और किसान ब्रिगेड के संरक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि ये जनता के कानों को खुश करने वाला योजना है जो अभी तक धरातल पर कार्यान्वित नहीं किया गया है।जब तक सभी उपभोक्ताओं का बिजली मीटर ठीक करके मासिक बिल निर्गत नहीं किया जाएगा तब तक यह योजना वोट के लिए झूठा वादा और छलावा नजर आता है। उन्होंने आज महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र मेदिनीनगर को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र के माध्यम से, जिसकी प्रतिलिपि सीएमडी, जीएम और सभी अधिनस्थ पदाधिकारियों को भी दिया है, सभी उपभोक्ताओं के मीटर को ठीक कर विभाग द्वारा नियुक्त उर्जा मित्र को सक्रिय कर सभी घरों को मासिक बिल प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।इसके अलावा उन्होंने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ) श्री राम प्रसाद महतो को हटाने का भी मांग किया है। उन्होंने कहा कि जपला में पदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता श्री राम प्रसाद महतो जी ने जब से पदभार ग्रहण किया है तब से विद्युत विभाग कार्यालय जपला में इनका उपस्थिति बहुत कम देखने को मिल रहा है। चूंकि लॉगिंग कोड का ओटीपी इनके मोबाइल पर आता है, और ये अनुपस्थित रहते हैं जिसके कारण ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं हो सकता है इसलिए यहां के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं के कार्यालय संबंधित कार्य लंबित है।उन्होंने आगे कहा कि जेएमएम सरकार का ये चुनावी वादा भी बेरोजगारी भत्ता ,युवाओं को नौकरी की तरह कानों को खुश करने वाला है और अब भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मन बना लिया है वर्तमान सरकार के झूठे वादों में आकर जनता अब पुनः इन्हे सत्ता में नहीं लाने वाली है। मौके पर बद्रीनारायण सिंह, सत्यनारायण यादव, संतोष राम, राजकुमार प्रजापति, चन्द्र भूषण सिंह, सुभाष कुमार और मनोहर सिंह मौजूद थे।

## पंचायत सचिव पर घुस मांगने का लगा आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड के चपरी पंचायत में जेएसएलपीएस की महिला समूह से दीदी बाड़ी योजना मे पंचायत सचिव द्वारा मास्टर रौल पर हस्ताक्षर करने के बदले पैसा मांगने से आक्रोशित महिलाओं ने बीडीओ नंद जी राम से शिकायत की। महीला मिना गुप्ता, रिता देवी, कंचन देवी, रेशमा देवी, आरती देवी, रेखा देवी, पूजा देवी आदि ने बीडीओ से शिकायत करते हुए कही कि चपरी पंचायत के पंचायत सचिव शंभू प्रसाद गुप्ता हम सभी महीलाओं दीदी बाड़ी योजना का काम पूर्ण कर चुके हैं। मनरेगा योजना से मजदूरी भुगतान के लिए मास्टर रौल पर पंचायत सचिव प्रती मास्टर रौल पांच पांच सौ रुपए मांग कर रहे हैं। नहीं देने पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। महिलाओं ने कहा प्रति मास्टर रौल 1500 बनता है तो 500 सचिव को दे देंगे तो हमलोग योजना में घर से नुकसान उठाना पड़ेगा। बीडीओ नंद जी राम ने पंचायत सचिव को कार्यालय में बुलाकर पुछताछ किया। पंचायत सचिव ने बताया की स्थल पर काम नहीं दिख रहा है तो भुगतान कैसे होगा।पैसा मांगने का आरोप गलत है। बीडीओ के जांच कर भुगतान कराने के आश्वासन के बाद महिलाएं वापस लौटी। बीडीओ ने इस मामले में जांच कमेटी बनाकर जांच कर भुगतान करने का निर्देश दिया। जांच कमिटी में पंचायत सचिव, बीपीओ, जेई, रोजगार सेवक को रखा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 22-23,23-24 में चपरी पंचायत में करीब एक सौ दिदी बाड़ी योजना की शुरुआत हुई थी। इस योजना के तहत जेएसएलपीएस से सब्जी का बीज उपलब्ध कराया गया था. जबकि यह योजना 24 हजार का तीन वर्ष का था। तीन वर्ष में 24 हजार रुपए का भुगतान मनरेगा योजना से करना है। योजना स्वीकृत होते ही समूह की महिलाओं ने ऑन गोइंग (डिमांड लगने से पहले)होने से पहले ही काम कर दिया।

संपादकीय

## सरकार नई, चेहरे पुराने

केंद्रीय मंत्रिपरिषद के स्पष्ट संकेत हैं कि यह निरंतरता की ही सरकार है। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर 'किसान सम्मान निधि' वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सड़क परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, सर्बानंद सोनोवाल, किरेन रिजिजू, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया, गजेन्द्र शेखावत, जी किशन रेड्डी आदि पुराने मंत्री हैं, जिन्हें नए मंत्रालय के साथ नई सरकार का हिस्सा बनाया गया है। कई राज्यमंत्रियों के भी मंत्रालय वही पुराने रखे गए हैं। सबसे संवेदनशील सुरक्षा की कैबिनेट कमेटी में भी कोई फेरबदल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी पर तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल-यू, शिवसेना, एनसीपी सरीखे सहयोगी दलों का कोई दबाव और तनाव दीखता नहीं है। उन्हें प्रधानमंत्री ने अपने विशेषाधिकार के अनुसार मंत्रालय सौंपे हैं। सरकार में प्रधानमंत्री समेत 72 मंत्री हैं, जिनमें से 61 मंत्री भाजपा के हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रों से 36 मंत्री और दक्षिण भारत से 13 मंत्री लिए गए हैं। महिला मंत्रियों की संख्या 7 है। शायद इसी आंकड़े की परंपरा रही है। मौजूदा मंत्रिपरिषद की औसत आयु 58.7 साल है, जबकि 2019 में यही 60 साल के कुछ ऊपर थी। हालांकि कैबिनेट में 7 पूर्व मुख्यमंत्री हैं, लेकिन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दिए गए हैं और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का दायित्व सौंपा गया है। रेल के साथ-साथ सूचना-प्रसारण मंत्रालय भी अश्विनी वैष्णव को दिया गया है। वह प्रौद्योगिकी सम्पन्न मंत्री हैं, सूचनाओं को दबाने या बांटने के खेल से अनभिज्ञ हैं, लिहाजा सूचना मंत्रालय दिए जाने पर आश्चर्य होता है। संभव है कि जब कैबिनेट का विस्तार या फेरबदल होगा, तो यह मंत्रालय किसी और मंत्री को दिया जा सकता है। इसी तरह ऊर्जा मंत्रालय भी तकनीक और विज्ञान पर आधारित मंत्रालय है। खट्टर के संदर्भ में तालमेल मुश्किल हो सकता है। बहरहाल शिवराज सिंह चौहान पर इतना बोझ, दायित्व डाल दिया गया है, जितना उन्होंने मुख्यमंत्री के 16.5 सालों के दौरान महसूस नहीं किया होगा। किसान और गांव परस्पर पूरक हैं। नए मंत्री के सामने जलता और उबलता-सा सवाल होगा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी का क्या किया जाए? किसानों की आय कब तक और किस तरह दोगुनी की जा सकती है? कृषि वैज्ञानिक और अर्थशास्त्री एमएसपी की कानूनी गारंटी के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन एमएसपी में निरंतर बढ़ोतरी के समर्थक हैं। जब किसान आंदोलन समाप्त किया गया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को आश्वस्त किया था कि एमएसपी के कानूनी दर्जे के बारे में जरूर कुछ किया जाएगा। एक कमेटी भी बनाई गई थी, लेकिन आज तक कोई निष्कर्ष सामने नहीं है। आम चुनाव में किसानों के तनाव, गुस्से और संकट ने कई राज्यों में भाजपा की पराजय की जमीन तैयार की थी, लिहाजा यह मुद्दा प्राथमिकता का है। मोदी सरकार के लिए गरीबी, बेरोजगारी, निम्न आय वर्ग की चिंताएं भी प्राथमिकता पर होनी चाहिए।

भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर 'किसान सम्मान निधि' वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सड़क परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं।


छह केंद्रों के लगभग 1500 छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें परीक्षा पूरी करने के लिए पूरा समय नहीं दिया गया

# मेडिकल छात्रों को न्याय मिले

डा. वरिंदर भाटिया

वर्ष 2024 में नीट की परीक्षा में लगभग 24 लाख बच्चे शामिल हुए थे। इनमें से 13 लाख से अधिक पास हुए। इसमें भी खास बात यह है कि इस बार की नीट परीक्षा के रिजल्ट में 67 बच्चों को टॉपर घोषित किया गया है। इन टॉपर्स को 720 में से 720 अंक मिले हैं। कुछ बच्चों को 718 और 719 नंबर तक मिले हैं, जिसके बाद नीट रिजल्ट को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।

नीट परीक्षा को लेकर जिस तरह पूरे देश में बवाल मचा है, उसे देखकर यह सवाल उठने लगा है कि क्या नीट यूजी परीक्षा के नतीजे रद्द किए जाएंगे और नीट यूजी की परीक्षा एक बार फिर से कराई जाएगी। मालूम हो कि जब मई में नीट यूजी के पेपर हो रहे थे उस समय भी कई जगहों पर पेपर लीक की सूचनाएं आई थीं। तब भी तमाम अभ्यर्थियों ने इसको कैंसिल करने और दोबारा पेपर कराने की मांग की थी, लेकिन उस समय इस पर कुछ नहीं हुआ। अब जब रिजल्ट आया है तो एक बार फिर यह मामला गर्म हो गया है। हालांकि इस पर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 में नीट की परीक्षा में लगभग 24 लाख बच्चे शामिल हुए थे। इनमें से 13 लाख से अधिक पास हुए। इसमें भी खास बात यह है कि इस बार की नीट परीक्षा के रिजल्ट में 67 बच्चों को टॉपर घोषित किया गया है। इन टॉपर्स को 720 में से 720 अंक मिले हैं। कुछ बच्चों को 718 और 719 नंबर तक मिले हैं, जिसके बाद नीट रिजल्ट को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। तमाम लोगों ने रिजल्ट को लेकर परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए को भी कटघरे में खड़ा किया है, हालांकि एनटीए ने अपने आरोपों पर सफाई भी दी है। उसके बाद भी कुछ अभ्यर्थियों ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में नीट के रिजल्ट को लेकर याचिका दायर कर दी है। इससे पहले जब नीट की परीक्षा 5 मई 2024 को हुई थी, उस समय राजस्थान के एक परीक्षा केंद्र पर यूजी पेपर लीक की खबरें आई थीं, जिसके बाद नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक का हवाला देते हुए कुछ उम्मीदवारों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की और इस परीक्षा को नए सिरे से कराने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में सुनवाई करने की बात कही है। वर्ष 2015 में एमबीबीएस, बीडीएस एडमिशन के लिए नेशनल लेवल मेडिकल प्रवेश परीक्षा (ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट) हुआ करती थी। तब यह परीक्षा सीबीएसई कराता था। उस समय भी पेपर लीक की खबरें आई थीं। आरोप था कि एग्जाम सेंटर्स पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस पर स्टूडेंट्स को क्वेश्चन पेपर के आंसर की भेजे गए हैं। उस समय भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। तब 3 मई को परीक्षा हुई थी और 5 जून को रिजल्ट आना था। कोर्ट ने 15 जून को दिए अपने फैसले में कहा कि मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम कैंसिल किया जाए और परीक्षा 4 हफ्ते में दोबारा से ली जाए। अब इस बार कोर्ट का क्या फैसला होता है, यह तो देखने वाली बात है, लेकिन इस बार परीक्षा कैंसिल जैसी कोई बात नजर नहीं आ रही। भारत में नीट को लागू हुए एक दशक से कुछ ही ज्यादा समय हुआ है और इसने ठहरे हुए पत्थर पर काई जमने जितनी बदनामी बटोर ली है। इसमें सबसे ताजा यह है कि नीट का संचालन कराने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को 2024 के लिए हुई मेडिकल की पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच के वास्ते एक चार सदस्यीय समिति नियुक्त करनी पड़ी है। छह केंद्रों के लगभग 1500 छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें परीक्षा पूरी करने के लिए पूरा समय नहीं दिया गया। ऐसा विभिन्न वजहों से हुआ। गलत प्रश्नपत्र का वितरण, फटी हुई ओएमआर शीट, तकनीकी गड़बडियां और ओएमआर शीट के वितरण में देरी। अदालत ने प्रभावित छात्रों को ग्रेस माक्र्स देने की इजाजत दी। नतीजे प्रकाशित होने के बाद यह देखा गया कि कुछ छात्रों को 720 में 718 और 719 अंक मिले, जो मौजूदा मूल्यांकन पद्धति में असंभव है। यह भी आरोप था कि असामान्य रूप से ज्यादा संख्या में छात्रों ने पूरे अंक हासिल किए। एनटीए ने बाद में यह साफ किया कि अजीब लग रहे अंक अदालत के आदेशानुसार ग्रेस माक्र्स दिए जाने का नतीजा है और चूंकि यह एक आसान प्रश्नपत्र था, इसलिए कई सारे छात्रों ने पूरे अंक प्राप्त किए। लेकिन बात इतनी ही नहीं थी। परीक्षा से पहले नीट यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें आई थीं। एनटीए नीट यूजी की आधिकारिक उत्तर कुंजी में अशुद्धियां होने की बात कही गई थी और यूजी प्रश्नपत्रों के विसंगतिपूर्ण मूल्यांकन के आरोप थे। राजनीतिक दलों ने इन आरोपों की गहन जांच किसी सक्षम तृतीय पक्ष से कराने की मांग की है। और, छात्रों के समूहों ने भी दोबारा परीक्षा की मांग उठाई है। हर साल, खराब ढंग से प्रबंधित परीक्षा केंद्रों और अभ्यर्थियों को क्या पहनने की इजाजत है, इसे लेकर फिजूल की कड़ाई के आरोप सामने आते हैं। कदाचार (चीटिंग) से जुड़े ऐसे घपले उजागर हुए हैं जहां अभ्यर्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपनी जगह दूसरों को भेजा है। याद रहे कि नीट को हर साल होने वाली सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। लगभग 23 लाख छात्रों के इस परीक्षा में शामिल होने के मद्देनजर, इसमें कोई अचरज नहीं कि नीट का एक उतार-चढ़ाव भरा अतीत है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पैमाने पर होने वाली परीक्षा को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाना असंभव है। लेकिन साल दर साल परीक्षा के दौरान घोर उल्लंघनों की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। एनटीए को राज्यों की मदद से यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीकी गड़बडियां और कदाचार से जुड़े घपले न हों। इसमें प्रश्नपत्रों का समय से पहले जारी होना और वास्तविक अभ्यर्थी की जगह दूसरों का इस्तेमाल शामिल है। अगर यह अधिक सख्ती बरतने और एक ज्यादा लंबी व ज्यादा सतर्कता भरी तैयारी से संभव है, तो ऐसा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिए। इसके अलावा इन मांगों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि नीट के सभी दाखिले सिंगल विंडो काउंसिलिंग के तहत आएं और पीजी दाखिलों के लिए जीरो पर्सेंटाइल मानदंड का पुनर्मूल्यांकन हो। साथ ही निजी मेडिकल कॉलेजों में फीस का सख्त नियमन हो। कुल मिला कर इस साल नीट में हुई खटपट का मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब कुछ पीड़ितों ने न्याय की आस में देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटा दिया है। सवाल है कि क्या मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट दुरुस्त तरीके से हुए हैं। नीट के रिजल्ट आए कुछ दिन बीत चुके हैं, लेकिन छात्रों में भ्रम आज भी बरकरार है। लाखों बच्चों को समझ नहीं आ रहा कि वे एनटीए ने जो नतीजे घोषित किए हैं, क्या उन्हें ही आखिरी मान लें या फिर दोबारा परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। इस मामले में छात्रों के हितों को सुरक्षित रखा जाना जरूरी है। मेडिकल छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। जो छात्र कई सालों से इसमें कामयाबी की बात देख रहे थे, तथाकथित परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं ने उनका भविष्य खराब कर दिया है। इसके लिए देश हित में जिम्मेवारी को नियत किया जाए और प्रशासनिक लापरवाही के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करना ही उपयुक्त होगा। छात्रों के साथ अगर अन्याय होता है तो उनके डिप्रेशन में चले जाने की संभावनाएं रहती हैं।



दृष्टिकोण

# कुंठाओं और कट्टरवाद को तिलांजलि दें

एक उच्च जातीय हिंदू हूं। मैंने अपने नाम शेर सिंह के साथ अपना कुलनाम (सरनेम) का कभी उपयोग नहीं किया। हम खेती-किसानी वाले उच्च जाति परिवार से हैं। मेरे पिता केवल हिंदी में अपने हस्ताक्षर भर कर सकते थे। हमारे दादा, परदादा, पुरखे तो अक्षरों की अहमियत को शायद ही जानते थे। ऐसा संभवतः जिले का सर्वाधिक पिछड़ा क्षेत्र होने के परिणामस्वरूप रहा होगा। हम मूलतः ऐसे क्षेत्र से हैं जो राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटा हुआ है। बहुत दूरदराज और अत्यंत पिछड़ा इलाका होने के बावजूद यहां जातपात, छुआछूत का बहुत अधिक प्रचलन था, और आज भी है, बेशक थोड़ा कुंद पड़ गया हो! कई दृष्टांतों में से बचपन के एक-दो का उल्लेख करना चाहूंगा। जब कभी अपने बचपन को याद करता हूं, तो मुझे अपने मूचाण्ड (अछूत) और उसके परिवार बरबस याद हो आते हैं। जब कभी कोई त्योहार, उत्सव, शादी-ब्याह, जीने-मरने का अवसर होता, तो वे परिवार सहित हमारे गांव, हमारे घर पहुंच जाते थे। परिवार में उनके छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं सभी होते थे। वे हमारे दोमंजिला घर के भूतल में प्रवेश द्वार से बाहर बने गोबर लिपे कच्चे और खुले आंगन में नंगी जमीन पर कोई उकड़ूं, कोई पालथी मारकर बैठते। उन्हें घर के अंदर आने की तो क्या, सीढियों को छूने तक की इजाजत नहीं थी। घर में उनके लिए कुछ विशेष नहीं बनता था। त्योहारों आदि में घर में जो कुछ बना होता, उन्हें दे दिया जाता था। वे वहीं बैठकर अपने साथ लाए थाली, प्याली आदि में खाते, पीते और बचे हुए खाने को पोटलियों में बांधकर ले जाते। हम बच्चे छत से कौतुहल, आश्चर्य लेकिन उपहास भरी नजरों से उन्हें देखते। वे हमें मालिक कहते थे। हमें मालिक तथा उच्च जाति का होने का मनोवैज्ञानिक तौर पर गर्व और घमंड का एहसास होता। हालांकि यह हमारा अहंकार और गलतफहमी थी। वे हमारे खेतों में आकर बेगारी भी करते। बदले में शाम को अपने घर जाते समय उन्हें खड़ा, सबूत अनाज आदि दे दिया जाता। इस प्रकार बचपन में ही हमारे अंदर उच्च जाति की भावना और छुआछूत का बीजारोपण हो चुका था। बौद्ध धर्म बहुल क्षेत्र में मु_ी भर हिंदू, और वो भी सवर्ण उच्च जाति का होने की भावना हमेशा बनी रही। जब किशोर और युवावस्था में पहुंचे तो एक स्कूल में अध्यापक द्वारा दलित जाति के बच्चों को सबसे अलग बिठाने और सभी के लिए रखे पानी के पात्र को छूने तक की मनाही देखी। मुझे थोड़ा अचंभा भी हुआ था क्योंकि तब तक कुछ पढ़-लिख चुका था। इस प्रकार ऊंच-नीच की भावना को अच्छे से जान और समझ चुका था। लेकिन मैंने अध्यापक के इस व्यवहार को आपत्तिजनक मानने के बावजूद किसी तरह का हस्तक्षेप, विरोध नहीं किया। मैंने एक प्रकार से अपनी अंतरात्मा की आवाज का गला घोंट दिया था। बाद के वर्षों में देश के लगभग हर राज्य, शहर, नगर में आने-जाने और प्रवास का अवसर मिला। इस आवागमन के कारण मेरे अंदर बसी जाति की भावना कुछ हद तक दब-छिप गई। लेकिन पूरी तरह मिटी नहीं थी। बचपन में मिले संस्कार आसानी से नहीं छूटते हैं। जिसके मन-मस्तिष्क में ऐसे संस्कार भर दिए गए हों, बाद के जीवन में उन्हें बदल पाना बहुत कठिन है। यह मैंने तब अनुभव किया जब एक बार गर्मियों के दिनों में अहमदाबाद से दिल्ली को आ रहा था। कोटा-रतलाम के बीच किसी जगह में बहुत जोर की प्यास लगी थी। पास का पानी खत्म हो चुका था। ट्रेन रुकती, चलती सी चल रही थी। किसी भी स्टेशन में पानी का नल चलता नहीं दिखता था। मैं ट्रेन से पानी के लिए उतरता, चढ़ता और खाली बोतल लिए वापस ट्रेन में चढ़ आता। मेरी सीट के पास गोल टोपी पहने, सफेद वस्त्रों में एक सज्जन बैठे हुए थे। उन्होंने मेरी परेशानी जानकर अपनी सुराही से मुझे पानी देना चाहा। मैंने उन्हें एक नजर देखा और भयंकर प्यास के बावजूद, पानी पीने से मना कर दिया। मैं समझ गया था कि वह मुसलमान है। उच्च सवर्ण जाति का मैं मुसलमान का दिया पानी कैसे पीता! अपने द्वारा ऐसा करने का कारण मैं समझ गया था। हम लोग क्योंकि धर्मभीरू और जातपात को मानने वाले लोग थे, इसलिए बचपन में हमारी मां ने मुसलमानों के हाथों कुछ भी खाने-पीने की सख्त मनाही कर रखी थी। हमारे सेब के बाग का चौकीदार खान को हमारे घर की देहरी को स्पर्श करने की इजाजत तक नहीं थी। जब हम छोटे-छोटे बच्चे आपस में झगड़ते, लड़ते तो मां अक्सर हमें मुस्लमां कहती। मुसलमान वे गाली की तरह प्रयोग करती थीं। यह विरासत में मिले संस्कारों का फल था। यह और बात है कि आज मेरे बहुत से अजीज मित्र, सम्मानित दोस्त मुस्लिम हैं। मुझे उनकी मित्रता पर गर्व है। अब सोचता हूं, तब कितने संकुचित मेरे विचार थे। कितना गिरा हुआ मेरा दृष्टिकोण था। कैसी तुच्छ मेरी मानसिकता थी! जब उम्र और बढ़ी तथा देश के विभिन्न राज्यों, अलग-अलग नगरों, शहरों में प्रवास और आना-जाना शुरू हुआ, तो देश-दुनिया, सामाजिक, नैतिक, दुनियादारी और धार्मिक समझ भी विकसित हुई। बचपन में मन पर घर कर बैठी सोच, संस्कार कुछ हद तक कुंद पड़ने लगे। जीवन में व्यावहारिकता अधिक पनपने लगी। लेकिन अपने उच्च जाति का एहसास हमेशा दूसरों से ऊंचा होने का आभास दिलाता रहा। यद्यपि केवल शेर सिंह नाम होने से अधिकांश लोग मुझे निम्न जाति से होने का अनुमान लगाते रहे! कभी-कभी विचार आता है कि जिनके मन में बचपन में ही ऐसे विचार, ऐसी भावना, ऐसे संस्कार भर दिए गए हों, तो उनमें वो आजकल के गौ रक्षक, स्वयंसेवक, बजरंग दल, दक्षिण पंथी, उच्च जाति भावना, श्रेष्ठ होने का एहसास, अहंकारी होना स्वाभाविक है। किसी को भी अपने से तुच्छ समझना विशेषकर दलित और मुसलमानों को, उच्च जाति के लोगों की आम मानसिकता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## जुलाई से प्रारंभ होगा पूरे राज्य में किसान महाजुटान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** झारखण्ड के अग्रणी किसान संगठन झारखण्ड किसान महासभा के गोला,चितरपुर और दुलमी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक चितरपुर के ग्रीन गणेशा काम्प्लेक्स के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के केंद्रीय सदस्य श्री कपिलदेव महतो ने किया इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जेकेएम द्वारा प्रखण्ड कमिटी का विस्तार करते हुए चितरपुर प्रखण्ड अध्यक्ष खुदीराम महतो को बनाया गया।दुलमी प्रखण्ड प्रभारी रीता भारती एवं गोला प्रखण्ड प्रभारी सुनीता कुमारी को बनाया गया। संगठन के कमिटी विस्तार प्रभारी एवं रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विधायक प्रत्याशी रहे संतोष महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी महीने तक रामगढ़ ज़िले में किसानों के सबसे बड़े और मज़बूत संगठन के तौर पर महासभा को स्थापित किया जाएगा।आगामी समय में झारखण्ड किसान महासभा किसानों के द्वारा किसानों के लिए प्रदर्शन और आंदोलन करेगा।इस महीने पूरे ज़िले में सघन बैठक किए जाएँगे और दस हज़ार किसानों को संगठन से जोड़ा जायेगा। गोला, चितरपुर और दुलमी के प्रगतिशील कृषक एवं युवा कृषि उद्यमी विसेश्वर महतो, गोविंद चौधरी,शिव नाथ महतो, जगेश्वर महतो, धनंजय महतो, अविनाश कुमार, प्रेम महतो जी को कमिटी में शामिल किया गया।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखण्ड किसान महासभा द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में किसान महजुटान किया जाएगा और किसानों को मज़बूत किया जाएगा। किसान महाजुटान रामगढ़ के बाजार समिति से शुरू होगा और 15 जिलों में महाजुटान किया जाएगा।वर्तमान सरकार को ग़लत नीतियों पर घेरा जाएगा और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मजबूर किया जाएगा।आगामी महीनों में सरकार को किसान कल्याणकारी नीतियों के निर्माण को लेकर कदम उठाने होंगे इसके लिए आंदोलन और प्रदर्शन किया जायेगा और इसके लिए लाखों की संख्या में किसान सड़कों पर उतरेंगे।बैठक में दुलमी प्रखण्ड कमिटी में संजोती देवी,रेणुका देवी,ललिता देवी,संजना देवी को विभिन्न पंचायतों का प्रभारी बनाया गया ।बिनीता कुमारी,रेखा देवी और लक्ष्मी देवी को चितरपुर के पंचायतों में कमिटी गठन की ज़िम्मेदारी दी गई।गोला प्रखण्ड के संग्रामपुर पंचायत का प्रभारी सुनीता कुमारी ,गीता कुमारी को कुम्हरदगा पंचायत,किरण गुप्ता को कोराम्बे पंचायत प्रभारी एवम् ममता देवी को बरियातु पंचायत बनाया गया।

## जल जंगल सहित गांव की सुख समृद्धि के लिए प्राकृतिक की पुजा जरूरी : धर्मगुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** जरजरा स्थित सरना स्थल में दिन गुरुवार को 15 वा प्राथना सभा सह झंडागडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अखाड़ा में हेंजरा पाहन के द्वारा पुजा अर्चना कि गई। इसके तत्पश्चात महीलाओं के द्वारा दाडी से कलश में जल लेकर सरना स्थल पहुंचे। जिसके बाद सरना स्थल में प्राथना सभा,भजन कीर्तन हुआ।अंत में श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर धर्मगुरु संजीत बेदिया ने कहा कि गांव कि सुख समृद्धि के लिए सरना पुजा किया जाता है। जल जंगल जमीन कि रक्षा करना हम सभी का उद्देश्य है। इसदौरान आस पास गांव के सैकड़ों सरनाधर्म प्रेमी सरना स्थल कार्यक्रम में भाग लिये। वहीं समिति के संरक्षक सत्यनारायण बेदिया ने बताया कि 2009 से हम लोग यहा पर झंडागडी कार्यक्रम करते आ रहे हैं। आज 15वा प्राथना सभा सह झंडागडी वर्षगांठ मनाया जा रहा है। आदिवासीयो का यह बड़ा त्योहार है। इस पुजा में सखुआ पेड़ के निचे गांव कि देवी देवताओ कि पुजा विधी विधान से कि जाती है। इस पुजा में गांव के अलावा दुसरे जगहों से सरनाधर्म प्रेमी इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंसस किशोर कुमार बेदिया, सुजीत बेदिया, संतोष बेदिया, राजेश बेदिया,मनीत बेदिया,देवान बेदिया, जगरनाथ बेदिया, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया का योगदान रहा। मौके पर शिव कुमार बेदिया, विशाल बेदिया,भुजा बेदिया,भुतन बेदिया,किरण देवी, शांति देवी,छोटी देवी, संगीता देवी,सरातो देवी,राधा देवी,सारथी मांझी,मंजू कुमारी, सावित्री देवी,उमा कुमारी,सुमन कुमारी, मालती देवी, सविता कुमारी,रूबी देवी, फुलमनी कुमारी मौजूद थी



## गौरी शंकर मंदिर के मुख्य गेट का शिलान्यास पीओ ने किया

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित श्री श्री 1008 गौरी शंकर मंदिर परिसर में गुरुवार को मंदिर के मुख्य गेट का राष्टीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि उपस्थिति में उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के हाथों नारियल फोड़कर शिलान्यास कार्य का शुभारंभ किया गया।मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि इस शिलान्यास कार्यक्रम से पुर्व ही सीसीएल प्रबंधन ने गौरी शंकर मंदिर के चारों ओर मंदिर कि सुरक्षा को ध्यान में रखकर बॉड्री वाल का निर्माण कार्य कराया गया था। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, कंचन मांझी, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, गणेश राम, उपमुखिया, अखिलेश सिंह, राधेश्याम आदि लोग मौजूद थे।

## डॉ. कहकशां परवीन के अंतिम संस्कार से लौटे अंजुमन फ़रोग़ ए उर्दू के लोग



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध उर्दू कथाकार और अंजुमन फरोग ए उर्दू झारखंड की संरक्षक के अंतिम संस्कार में अंजुमन फ़रोग़ उर्दू के पदाधिकारी शामिल होकर आज वापस झारखंड लौटे। लौटते क्रम में रामगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए अंजुमन फ़रोग़ ए उर्दू के सरपरस्त डॉ मो अयूब ने कहा कि डॉ. कहकशां परवीन उर्दू अदब की नायाब हीरा थीं उन्होने अपनी रचनात्मक क्षमता के माध्यम से उर्दू भाषा एवम साहित्य को अनगिनत अच्छी रचनाएं यथा कहानियां आदि दी हैं। अंजुमन फरोग ए उर्दू के सचिव डॉ मो. गालिब नश्तर ने कहा कि डॉ. कहकशां परवीन का 19 जून को शाहगंज मोहम्मदपुर,पटना कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. कहकशां परवीन का 17 जून को दिल्ली के मैदांता अस्पताल में निधन हो गया था उसके बाद उन्हें हवाई मार्ग से पटना ले जाया गया। उनकी मृत्यु के संबंध में हिंदी समाचार पत्रों में यह खबर फैलाई गई कि कहकशां परवीन की मृत्यु जेपीएससी के 12 शिक्षकों की पदोन्नति से संबंधित थी इस बात से उनके पति और बेटे बेटी ने इनकार कर दिया है। पटना के शाहगंज में डॉ. कहकशां परवीन के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए देश के विभिन्न भागों से आये खास लोगों में प्रो. कमर जहां (भागलपुर), डॉ आमिर मुस्तफा सिद्दीकी (हजारीबाग), डॉ मोहम्मद अयूब(रांची), डॉ जेबा (रांची), डॉ मोहम्मद गालिब नश्तर(रांची), शगुफता बानो, मोहम्मद इकबाल, दानिश अयाज, अली अहमद शमीम के साथ रामगढ़ से डॉ शाहनवाज खान भी शामिल थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ व बोकारो के सक्रिय सदस्यों ने बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा को लेकर एक मिलन समारोह मांडू प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा मे रखा गया। इस मिलन समारोह में जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड व पंचायत के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से होन्हे, कपरफुटुवा, बेड़वा, ढठवा, छोटकी डुंडी, बड़की डंडी, लोहसिंघना ,रतवे, नवाटांड के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए तथा सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर बोल दिया गया क्योंकि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। अभी वर्तमान स्थिति में सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर साथ देने की जरूरत है, नहीं तो आने वाला भविष्य अपने बाल बच्चों का अंधकार में होगा। इस मिलन समारोह मे मुख्य रूप से रवि महतो ,पनेश्वर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, दीपक महतो,प्रभु दयाल महतो , सहदेव महतो ,शनि महतो, रविंद्र महतो, लालकेश्वर महतो ,चुरामन महतो, राजेंद्र महतो, मुकेश महतो, दामोदर महतो, प्रभु महतो, हीरालाल महतो, धर्मेंद्र मास्टर, बालेश्वर मास्टर, राकेश महतो, कुलदीप महतो,प्रकाश महतो, बिहारी महतो ,अर्जुन महतो ,शोभा मुखिया, कलेश्व महतो, ओम प्रकाश महतो, धनेश्वर महतो, महेश महतो, हेमलाल महतो, प्रकाश महतो, झलेश्वर महतो, चमु महतो, पुनीत महतो, सोहन महतो ,मदन महतो ,सुरेंद्र महतो, गणेश महतो, कुलदीप महतो के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के समय जनता से किए गए वादे पूरे होंगे : महेंद्र महतो

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो पतरातू प्रखंड के ग्राम जयनगर में जनता के साथ जनसंवाद एवं उनकी जन समस्याओं से रूबरू हुए। महतो ने जन समस्याएं सुनने के बाद कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के समय पार्टी की ओर से हमें ग्राम जयनगर में नुक्कड़ सभा में मुख्य वक्ता के रूप में भेजा था सभा समाप्त होने के बाद जनता ने कहा था कि वोट के समय सब आते हैं लेकिन वोट के बाद हम लोग के समस्या कोई नहीं सुनता है और नहीं कोई नेता हमलोग को शुद्धि लेने भी नहीं आता है लेकिन मैं उसी समय जनता को वादा किया था कि चुनाव के बाद हम स्वयं इस क्षेत्र में आकर आपकी जन समस्या को सुनेंगे और इसी आलोक में आज ग्राम जयनगर में पहुंचे और यहां की जन समस्याओं से रूबरू हुए। जनसंवाद में भाजपा बुथ अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर,रेखा देवी,हेमंती देवी,मिलखी देवी,सुनीता देवी,रिखरी देवी,बादल मुंडा आदि उपस्थित थे।

### डाढ़ा पॉवर ग्रिड को जल्द से जल्द चालू करने का लिया गया निर्णय

# मंत्री सत्यानन्द भोगता चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता चार दिवसीय दौरा पर आज चतरा पहुँचे। मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता के चतरा पहुंचने पर जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने उनका स्वागत किया। जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में जिले में संचालित सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री श्री भोगता ने सभी पदाधिकारियों को संचालित योजनाओं में तेजी गति से ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण का करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को आम जनता से बेहतर तालमेल स्थापित कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



पहुँचाने का दिशा निर्देश दिया। मुख्य रूप से जिले में बिजली एवं पानी के समस्याओं से निजात के लिए कई अहम पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। डाढ़ा पॉवर ग्रिड को जल्द से जल्द चालू करने का निर्णय लिया गया और अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया गया। बैठक समाप्ति के उपरांत करोड़ों रुपए की योजनाओं का विधिवत ऑनलाइन उदघाटन किया। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया एवं झारखंड में मादक पदार्थों के उन्मूलन को लेकर प्रचार प्रसार एल ई डी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता देवी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## प्रतापपुर डबल मडर के आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही गांव निवासी पप्पू खान के पुत्र मोहम्मद आशिक खांन को बुधवार को मेडिकल चेकअप के बाद न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। भरही गांव निवासी पप्पू खान के सनकी पुत्र एवं डबल मडर के आरोपी मोहम्मद आशिक खांन को न्यायिक हिरासत में बुधवार को जेल भेज दिया गया है। बकरीद त्योहार के दिन रविवार को शाम में मोहम्मद आशिक खांन ने भरही एवं रबदा गांव में जमकर उत्पात मचाया था। कई लोगों को लाठी डंडे और पत्थरों से मारकर घायल कर दिया गया था। जिसमें भरही गांव निवासी 63 वर्षिय जमाल मियां की मौत मौके पर ही हो गई थी। जबकि रबदा गांव निवासी 64 वर्षिय द्वारिका राय की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई। वहीं मृतक द्वारिका राय के 66 वर्षिय बड़े भाई कृष्णा राय की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं गांव के कई अन्य लोग भी मामुली रूप से इस सनकी युवक के मारपीट में घायल हो गए हैं। गांव में द्वारिका राय की शव आने के बाद लोगों में युवक के प्रति आक्रोश था परंतु प्रबुद्ध व्यक्तियों के समझाने बुझाने के बाद मामला को शांत किया गया और दोनों शवों को देर शाम अलग अलग जगहों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के इलेवन स्टार मैदान में प्रखंड स्तरीय 63 सुबर्तो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सिमरिया किया गया। जिसमें सिमरिया प्रखंड के कई विद्यालय के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। मैच का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुंजल कुमार यादव एवं शारीरिक अबोध राम, राजेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार एवं कई विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा किया गया। प्रखंड स्तरीय मैच में अंडर 17 बालिका वर्ग में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो विद्यालय ने एक गोल से कस्तूरबा विद्यालय को हराकर विजय हासिल किया। अंडर 15 बालक वर्ग में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो ने बुनायदी विद्यालय सिमरिया को 2 -0 से हराकर विजय प्राप्त किया है। अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवादा के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें पेनल्टी शूट आउट के द्वारा नवादा टीम ने विजयी अपने नाम कर लिया है।प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय की विभिन्न शिक्षकों में कृष्ण कुमार गुप्ता, संजय कुमार यादव, ननकू यादव, राजेश कश्यप, श्रीवास्तव, शैलेश कुमार पांडे, उमेश कुमार सिंह, कूलेजा खातून, ललिता देवी, सुशीला कुमारी, आशा कुमारी, सुमित्रा देवी, राजू रविदास, बाल कुमार एवम प्रकाश यादव का अहम सहयोग रहा है।

## एसडीओ सन्नी राज के सख्ती के बाद पीएचडी एवं प्रखंड कार्यालय हरकत में

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चापानल और जल मीनार के खराब होने की लगातार शिकायत मिलने के बाद एसडीओ सन्नी राज ने सख्त तेवर अपनाया है। जहां उन्होंने संबंधित कर्मियों को अविलंब खराब पड़े चापानल और जलमीनार को दुरुस्त कर पानी मुहैया कराने का सख्त निर्देश पीएचड़ी को दिया है। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है। उनके इस सख्त निर्देश के बाद प्रखंड कर्मी से लेकर पीएचडी तक सक्रिय हो गए हैं और शिकायतों पर तेजी से संज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनुमंडलीय अब तक 261 से अधिक बेकार पड़े चापानल और 31 जलमीनारों को दुरुस्त किया गया है। हालांकि इसके बाद भी क्षेत्र से जल मिनारों द्वारा पानी सप्लाई नहीं होने की शिकायतें मिल रही है। साथ ही खराब पड़े चापानलों के भी सूचना मिल रही है। शिकायत के आलोक में बेकार पड़े चापानल और जलमीनार को अविलंब बनाया जाएगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने बताया कि यदि अनुमंडल क्षेत्र के कोई भी प्रखंड या पंचायत या गांव में चापानल या जलमीनार बेकार पड़ा है तो अविलंब पीएचडी विभाग को सूचित करें। यदि आपकी शिकायत पर अविलंब नहीं बनाया जाता है तो अनुमंडल कार्यालय में लिखित शिकायत करें। वहीं आगे कहा की अनुमंडल क्षेत्र में पानी के लिए परेशानी नहीं होने देंगे। आम ग्रामीणों को समुचित पानी चापानल या जलमीनार मरम्मत करा कर पूरा किया जाएगा। वहीं विभाग के काम ना करने वाले लापरवाह कर्मियों को हटाया जाएगा।

## एसडीओ ने वीडीएसी सदस्यों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड सभागार में एनटीपीसी परियोजना से विस्थापित - प्रभावित छः गांवो के जनप्रतिनिधियों, ग्राम विकास सलाहकार समिति (वीडीएसी) सदस्यों, एनटीपीसी प्रबंधन व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सनी राज ने किया। इस दौरान बारी-बारी से रखी गई समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। साथ हीं, निर्बाध विद्युतापूर्ति की व्यवस्था, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में ट्रामा सेंटर बनाने, एनटीपीसी के परियोजना क्षेत्र के छः गांवों के लिए एक स्पेशल एंबुलेंस देने, बुनियादी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु सरकारी विद्यालय में एनटीपीसी प्रबंधन से पारा शिक्षक के तर्ज पर बहाल करने, एनटीपीसी के जहरीले फ्लाई ऐश से पर्यावरणीय प्रदूषण व आम जन-जीवन पर पड़ रहे गंभीर दुष्प्रभावों को



अविलंब नियंत्रित करने की मांग वीडीएसी सदस्यों ने किया। जिसपर मौजूद जीएम ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। वहीं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा पूर्व अधिगृहीत जिन जमीनों का भुगतान रैयतों को नहीं किया गया है, ऐसे मामलों का निराकरण अंचलाधिकारी के सहयोग से गांव-गांव में कैंप लगाकर करने के निर्देश एसडीओ ने जीएम को दिये । दूसरी ओर, ग्रामीण सड़क से पावर प्लांट में कोयला ढुलाई के दौरान रास्ते में जमी कोयले के मोटी परत की सफाई कराने की बातें एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन से की गई । बताया गया कि परियोजना से विस्थापित- प्रभावित गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विकास का खाका एनटीपीसी अधिकारी शीघ्र तैयार करेंगे। वीडीएसी सदस्यों के लिए एनटीपीसी प्रबंधन से इंट्री पास बनाने की मांग संयुक्त तौर पर की गई। एसडीओ सनी राज ने कहा कि नियमित तौर पर मासिक बैठक आयोजित कर कार्य प्रगति का मूल्यांकन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास,प्रमुख रीना देवी, जिप सदस्य सुभाष यादव,जिप सदस्या देवन्ती देवी, एनटीपीसी जीएम अजय कुमार शुक्ला, कुलदीप दास, मंजूर आलम, कामेश्वर पांडे, सईद अंसारी, अक्षयवट पांडे, सुभाष दास समेत अन्य मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस के कृषक सखी को दिया जा रहा है दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू क्लस्टर में जेएसएलपीएस से जुड़े कृषक सखी को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण की शुरुआत बृहस्पतिवार से किया गया है। कृषक सखी महिलाओं को गांव के किसानों के बीच खरीफ फसल में लगने वाले धान मक्का मड़वा अरहर उरद तिल बादाम जैसे बीज को लगाने के बारे में बतलाया गया है। यह कार्य एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रशिक्षण दिलवा रहे एफटीसी अनिल प्रजापति सरदार जितेंद्र कुमार सुमन कुमारी सुनील पासवान ने बताया कि क्षेत्र में किसान दीदी बेहतरीन तरीके से बरसती खेती करें।और जीविका उपार्जन करें। किसान महिलाओं को



रासायनिक दवा खाद छोड़ने की भी बात बताई गई। और जैविक तरीके से खेती करने पर जोर दिया गया है। जहां बतलाया गया कि खेत रासायनिक दवा खाद से दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहा है। मौके पर उपस्थित बीआरपी युगेश्वर दांगी विजय रजक प्रशिक्षण ले रहे प्रतिमा देवी राजन्ति देवी उषा देवी कंचन देवी सरस्वती कुमारी सुमन कुमारी अंगिरा कुमारी एवं 29 महिलाएं उपस्थित थीं।

## पुलिस ने अवैध बालू लदे 7 ट्रैक्टर किया जब्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत अनेकों नदीयों में प्रखंड प्रशासन के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां से अवैध रूप से बालू लदा सात ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। एनजीटी के उल्लंघन मामले में चालक व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लीया गया है। छापेमारी अभियान प्रखंड प्रशासन प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी राहुल देव एवं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता कर रहे थे।थाना प्रभारी ने बताया कि 15 जून से 15 अक्टूबर का एनजीटी लागू है। इस अवधि में सभी बालू घाटों के साथ-साथ विभिन्न नदियों से बालू उत्खनन पर रोक लगा हुआ है। वृशपतवार कि सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुआ। कि बलबल,घटेरी व तरी नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना मिलते ही छापेमारी अभियान के क्रम में बलबल नदी से एक, घाटेरी नदी से दो व तरी नदी से अवैध रूप से बालू लदा चार ट्रैक्टर सहित 7 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि बालू माफिया इसके बावजूद भी नहीं मानते हैं। तो इससे भी बड़ी कार्रवाई किया जाएगा। इधर इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू की खरीद बिक्री करने वाले माफियाओं के साथ साथ बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है।

## 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।कार्यक्रम कि जानकारी आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जून 2024 को झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों में युवा सम्मलेन आयोजित किया जाएगा।साथ ही साथ सभी विधानसभा क्षेत्रों में 100-100 पेड़ लगाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आजसू के झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन सहित अभी तक के आजसू के संघर्षो एवं बलिदान को एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से युवाओं के समक्ष रखा जाएगा। आगे उन्होंने ने कहा कि झारखंड आंदोलन में आजसू कि जो भूमिका रही है उसे झारखंड का हर युवा महसूस करें ताकि झारखंड के भविष्य को संवारने में सबकी भूमिका सुनिश्चित हो पाए।लातेहार जिले में मनिका विधानसभा के बरवाडीह में जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर एवं लातेहार जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला में जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी को कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं आजसू के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण



कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंसंस को नहीं मिली व्यवस्था, आक्रोश में बैठक से उठकर दिया धरना



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में बृहस्पतिवार को पंचायत समिति सदस्यों का कार्यकारणी की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में प्रखंड प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं किया गया था। यहां तक की जनप्रतिनिधियों को पेयजल भी उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रमुख अनिता यदाव ने नाजिर से बैठक में पानी की व्यवस्था कराने की मांग की थी। प्रमुख ने बताया कि नाजिर के द्वारा बोला गया कि हमे कार्यालय के द्वारा कोई आदेश नही दिया गया है।हम पानी का व्यवस्था नही कर सकते है। बैठक मे कुवाव्यस्थ को देखकर जनप्रतिनिधि काफी आक्रोशित हो गए। आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने बैठक से उठकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। जिससे प्रखंड कार्यालय में अफरा तफरी मच गई।हालांकि बाद में प्रखंड के नजीर के द्वारा समझाने के बाद प्रतिनिधियों ने धरना पर से उठ गए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख अनीता यादव, उपप्रमुख प्रीतम यादव, पंचायत समिति सदस्य लालो साव, सरिता देवी, प्रियांशु देवी सहित अन्य थे।

## उपभोक्ताओं ने बिजली बहाल कराने का दिया अल्टीमेटम, नहीं तो होगा चक्का जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत हरातू एवं लात पंचायत के सैंकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने गुरुवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के अगुवाई में संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था के प्रति उदासीनता एवं बिजली कटौती को लेकर विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमानी के खिलाफ कार्यालय सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बरवाडीह का घेराव किया। जहां कन्हाई सिंह के नेतृत्व में पुराने ब्लॉक परिसर से बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते जुलूस निकाला गया जो बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते बाजार स्थित बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे और विभाग के उच्च अधिकारी से वार्ता करने की बात पर अड़े रहे। इस बीच मेन लाइन मिस्त्री बीरेंद्र चौधरी को मांगपत्र सौंपा। वहीं वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि सहायक अभियंता



दुर्गाशंकर सिंह विभागीय कार्य से डालटनगंज गए हैं। वार्ता के दौरान उपभोक्ताओं ने बताया कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिजली आपूर्ति की गई थी जिसके बाद से अब तक गांव में विभाग द्वारा देखरेख नहीं किया जबकि जगह जगह का तार पोल गिर गया है वर्षो से ट्रांसफार्मर जला हुआ है जिसे अबतक दुरुस्त नही किया गया है फिर भी मीटर बिल का भुगतान नियमित किया जा रहा है।वहीं उपभोक्ताओं ने 20 दिनों के अंदर सभी समस्या को दूर करने और बिजली बहाल करने का अल्टिमेटम दिया है। उपभोक्ताओं चेतावनी देते हुए कहा कि समय-सीमा पर बिजली बहाल नही किया गया तो हम बाध्य होकर तालाबंदी के साथ चक्का जाम कर देंगे। वहीं विद्युतकर्मी वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि बहुत जल्द काम शुरू करा दिया जायेगा सभी तरह का खराबी को दुरुस्त कर बिजली बहाल करा दी जाएगी। वहीं मौके पर सैंकड़ों बिजली उपभोक्ता मौजूद रहे।

## ब्राउन शुगर के तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जहां बुधवार को रात्रि में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि एक काला सफेद टीवीएस मोटर साइकिल जिसका पंजीयन संख्या जेएच 07 एफ 1339 से गढ़वा जिले से प्रतिबंधित नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर खरीद कर बिक्री करने के लिए प्रखंड अंतर्गत कुटमु होते हुए गढ़वा जाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार बरवाडीह के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया। वहीं छापेमारी दल त्वरित कार्रवाई करते हुए बिते रात्रि कुटमु हड़पड़वा के नजदीक से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़



लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति के नाम नीरज कुमार पिता विमल प्रसाद ग्राम चेटर थाना गढ़वा और पंकज कुमार साहू पिता दुर्गा प्रसाद साहू ग्राम पालकोट रोड थाना, जिला गुमला के रहने वाले हैं जिनसे पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर मिले। उक्त नशीले पदार्थ को विधिवत जब्ती सूची बनाकर उक्त मोटरसाइकिल, दो मोबाइल समेत अन्य उपयोग सामग्री जब्त किया गया। वहीं अवैध नशीले पदार्थ के कारोबारी के विरुद्ध बरवाडीह थाना कांड संख्या 51/24 दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में डीएसपी, थाना प्रभारी के साथ पुअनि सुनिल कुमार मंडल, राहुल सिन्हा, एस एन ओझा तथा थाना रिजर्व गार्ड बरवाडीह शामिल रहे।

## दहेज को लेकर नव विवाहिता के साथ हुई मारपीट

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मकरा ग्राम में दहेज को लेकर एक नवविवाहिता मारपीट के साथ घटना हुई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेखा देवी 23 वर्ष पति सुनील राम ग्राम मकरा थाना बारियातू निवासी के साथ उसके पति सुनील राम,देवर अनिल राम,सास पनवा देवी ससुर मुटूक राम ने मारपीट किया। रेखा देवी ने बताया कि उसकी शाही एक वर्ष पूर्व हुआ था ।शादी के बाद से ससुराल वालों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और अपने मायके से पलंग, टीवी, कूलर मांगने को कहा। जिसको लेकर अक्सर उसके साथ मारपीट किया जाता है। वहीं घटना के बाद महिला के मायके वालों ने रेखा देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद महिला ने बरियातू थाने में मामले को लेकर आवेदन देकर न्याय की

# जनहित के मुद्दे पर एक्शन मूड पर दिखे मनीष जायसवाल

## पेयजल समस्या दूर करने, बरही, चौपारण में जीटी रोड निर्माण से जुड़ी समस्याओं को जल्द समाधान करने का दिया सख्त निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सांसद का शपथ लेने से पूर्व ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक्टिव और एक्शन मोड में नजर आये। गुरुवार की सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव संग जिले के बरही अनुमंडल के जल समस्या तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौडीकरण से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के आलाधिकारियों से सर्किट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भीषण गर्मी में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेषकर बरही और चौपारण में जल्द से जल्द जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। विभिन्न पंचायतों में संचालित जल नल योजना की त्रुटियों को जल्द दूर करके पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी करने की बात कही। राज्य सरकार द्वारा प्रति पंचायत में निर्धारित पांच चापाकलों के निर्धारित स्थलों पर नियमानुसार लगाने की बात कही। इसके लिए किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं आकर कार्य करने को हिदायत दिया। बरही अनुमंडल क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निजात के लिए खराब जलमीनर का तत्काल मरम्मती, खराब चापानल का मरम्मती, बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने तथा गांवों में एसएलडब्लूएल के अंतर्गत बनाए गए सोख्ता, गड्ढा, नाडेप का शीघ्र भुगतान करने को निर्देशित किया गया। हजारीबाग सदर विधानसभा



क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावां स्कूल खराब चापानल को यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान बरही, चौपारण, पदमा के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, मनोज कुमार मुंडारी, सहायक अभियंता बरही अनुमंडल निखिल कुमार, जेई, चौपारण, बरही और पदमा के विमल कुमार , जिला समन्वयक मनीष कुमारसहित अन्य लोग मौजूद रहें । वहीं एनएचएआई के सुबोध भारती, रिलायंस जीएम समीउल्लाह खान, राज केशरी कंपनी के वाईस प्रसिडेंट केके मिश्रा संग बैठक कर बरही चौक, तिलैया रोड आसपास अधूरे सडक निर्माण को पूर्ण करने, जलजमाव तथा गंदगी को दूर करने, घरों में बरसात के पानी को किसी भी सुरत में नहीं घुसे, इसे दूर करने को कहा। चौपारण बाजार में गांधी स्मारक के समीप भयंकर जलजमाव को दूर करने को कहा। वहीं चैथी मोड, चतरा मोड, ब्लाक मोड, केंदुआ मोड, महुदी मोड में निकास नहीं रहने के कारण जलजमाव तथा घरों पानी घुसने को रोकने को लेकर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। चौपारण और बरही में सड़क का पानी घरों में घुसने, सड़क निर्माण के बाबजूद मुआवजा नहीं मिलने, बरही और बरकट्ठा में फ्लाई ओवर निर्माण सहित अन्य समस्याओं को लेकर वार्ता हुई। पीडी ने स्वयं स्थल पर जाकर जांच कर समस्या समाधान की बात कही ।

# तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

## सभी कार्यों को ससमय करें पूर्ण तथा गुणवत्ता पर न रहे कोई कमी : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ज़िला में राज्य, केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं से आधारभूत संरचना निर्माण कार्य की समीक्षा उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने कहा योजनाओं को समय पर पूरा करे। योजनाओं के पूर्णता की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के अंतिम चरण को पूर्ण करने, योजना को संबंधित विभागों को हैंडओवर करने, उपयोगिता पत्र देने में अनावश्यक विलम्ब पर निराजगी जताई। डीएमएफटी अथवा जिला स्तर पर स्वीकृत योजना को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने सहित कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता मानकों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में विशेष ध्यान दे। हॉस्पिटल व स्कूल आदि निर्माण कार्य को संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में योजना क्रियान्वयन में आपसी समन्वय तथा कॉन्ट्रैक्टर के साथ नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओ को चल रहे योजना का फॉलोअप करने एवं योजना स्थल का विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। लंबे समय से लंबित निर्माणाधीन योजना के




संदर्भ में कहा कि मामले के समाधान के लिए योजना स्थल पर ज्वाइंट विजिट करें, समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि सहित प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्वों पर कठोर करवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित सरकारी एजेंसियों को दिया। साथ ही उपायुक्त ने बैठक में कहा स्वीकृत योजना धरातल पर सही समय एवं गुणवत्ता के साथ मिले इसके लिए टेंडर प्रकाशन, निष्पादन, कार्य आवंटन, कार्य प्रारंभ आदि प्रक्रियाओं को तेज़ी से पूरी करें।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सांसद मनीष जायसवाल ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुरुवार को हजारीबाग परिसदन सभागार में आगमन हुआ। जहां पहले से जनसमस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक कर रहें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे शिष्टाचार भेंट किया और हजारीबाग की धरती पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका कार्यकर्ताओं संग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की धरती पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया।

# सांसद मनीष जायसवाल से धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने ग्रामीणों संग किया भेट, जीत की दी बधाई

## काफी अनुभवी है सांसद, जनता को मिलेगा लाभ : राजेन्द्र प्रसाद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सांसद मनीष जायसवाल से शुक्रवार को हजारीबाग स्थित आवास पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भेट किया। मौके पर भगवा गमछा व बुके देकर जीत की बधाई दी। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में सामूहिक रूप से सांसद को बताया कि धनवार पंचायत में कोरियाड़ीह आरईओ रोड़ से शमसान घाट तक पथ व पुलिया निर्माण बरसोत तक, कोरियाड़ीह शमसान घाट के निकट चैक डेम का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी का निर्माण, कोरियाड़ीह ऊपर टोला में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना के साथ ग्राम लठिया में सामुदायिक भवन का निर्माण आदि शामिल है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अजय कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, मनोज केशरी, उमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन, अशोक यादव, रामजी प्रसाद, झरी महतो, उमेश प्रसाद, मनोज कुमार, विनय कुमार, रामदेव सिंह, केशो महतो, तारकेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, नागेश्वर प्रसाद, राजु प्रसाद, नारायण प्रसाद, नरेश प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थें।

# दसवां अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला आयुष समिति हजारीबाग के द्वारा कर्जन ग्राउंड में होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला आयुष समिति हजारीबाग के द्वारा कल कर्जन ग्राउंड में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है योग का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस एन तिवारी ने कहा की अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कर्जन ग्राउंड में सभी तैयारियां कर लिया गया है,मुख्य अतिथि माननीय उपायुक्त महोदया होंगी, डॉ तिवारी ने पूरे हजारीबाग के तमाम पदाधिकारियों ,स्कूल,संस्थान, समाजसेवी,सभी क्लब,सभी मीडिया बंधु,सभी योग के प्रेमियों से आग्रह किया है की 21 जून को सुबह 6 बजे कर्जन ग्राउंड




में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर स्वस्थ्य जीवन शैली को याद करें।

**जिला आयुष विभाग हजारीबाग के द्वारा शहर में पदयात्रा निकाला गया**

जिला आयुष विभाग हजारीबाग के सभी आयुष चिकित्सक, पदाधिकारी, कर्मचारी एवं योग इंस्ट्रक्टर के द्वारा पदयात्रा जिला आयुष भवन से इंद्रपुरी चौक,तकिया मकर,बंसीलाल चौक होते हुए झंडा चौक फिर समापन सदर अस्पताल में किया गया, जिला नोडल आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार शाही ने बताया कि पदयात्रा करते हुए लोगों को जागरूक किया गया उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है अब पहले से लोग योग पर जायदा से ज्यादा ध्यान दे रहे है । आज के पदयात्रा कार्यक्रम में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस एन तिवारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मकरंद मिश्रा,जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद शाही,झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा,आयुष चिकित्सक डॉ विजय तिवारी, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ नीरज, डॉ रंजना, डॉ जोशी,संतोष,बिकास, मुटुक,हरिनंदन,योग शिक्षिका पूनम जैसवाल जी,योग शिक्षक संजीव सिंह सहित सदर के सभी योग शिक्षक समल्लित हुए ।

# बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त किया



**बड़कागांव :** एनजीटी लागू होने के बावजूद बड़कागांव में नदियों से अवैध रूप से उत्खनन कर बालू कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने बुधवार रात्रि को हजारीबाग रोड स्थित घाटी से एवं गुरुवार की सुबह बड़कागांव मार्केट क्षेत्र के पास से एक -एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया है। वही एक दिन पहले थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने अपने दलबल के साथ संघन छापामारी करते हुए अवैध तीन बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया था। विगत एक सप्ताह में पुलिस ने तकरीबन 7 से 8 बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया है। ग्रामीणों को जागरुक करते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक बड़कागांव में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एनजीटी लागू है। किसी भी नदी से बालु का उत्खनन करना गैर कानूनी है। पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के साथ सजा का प्रावधान है।

# मादक पदार्थों के रोकथाम और जागरूकता हेतु खेल कार्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग :** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में आज दिनांक 20/06/2024 को कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यलय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ भाषण प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी,द्वितीय स्थान पुर्णिमा कुमारी, तृतीय स्थान एलिजाबेथ एक्का ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को मुख्य अतिथि यशवीर जग्गी सचिव हजारीबाग बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता एवं सेमिनार को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ,एवं खेल कार्यालय के कर्मियों का मुख्य योगदान रहा ।

# मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया।कार्यशाला के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पतरातु अनुपमा मिंज ने उपायुक्त व अन्य को 19 जून से 26 जून तक चलाए जाने वाले मादक पदार्थों पर रोक हेतु जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही 26 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस की तैयारियों पर भी जानकारी दी। अभियान के दौरान नशे में गिरफ्त लोगों को संरक्षण करने का प्रयास किया जाएगा एव उन सभी लोगों के प्रवास की व्यवस्था हेतु उपाय भी किये जाएंगे। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने 26 जून तक चलाए जा रहे अभियान को और भी प्रभावी तरीके से चलाने तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं व अन्य लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शैक्षणिक स्थलों, स्कूल कॉलेज आदि के 100 मी के दायरे में नशीली पदार्थ की बिक्री करना दंडनीय अपराध है इस संबंध में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से जांच अभियान चलाने कोटपा सहित अन्य नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।कार्यशाला के उपरांत उपायुक्त चंदन कुमार ने नशे पर रोक लगाने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जा जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति रोक लगाने हेतु जागरूक करने का काम करेगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता कुमारी अंजली, जिला खनन पदाधिकारी निशांत कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

# नापोखुर्द के सैकड़ो युवाओं और महिलाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

## अब बड़कागांव रौशनलाल से ही होगा रौशन : कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के नापो पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस सम्मेलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने आजसू पार्टी की नीतियों सिद्धांतों और रौशनलाल चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी मे अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी मे विरजू कुमार और विमला देवी के नेतृत्व मे सैकड़ो लोग पार्टी मे सामिल हुए। सभी को मुख्य अतिथि रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। मौके पर सभी नए सदस्यों को संबोधित करते हुए रौशन लाल चौधरी ने कहा की मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के जनता को विश्वास दिलाता हूं कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी वर्ग के लोगों का भरोसा टूटने नहीं दूंगा। आजसू पार्टी और मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर झारखंड में अव्वल बनाना। आगे उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ विकास के नाम से जाना जाता है आप सभी देख सकते हैं जहां-जहां पर आजसू पार्टी के विधायक हैं वहां का विकास रेट सभी विधानसभा क्षेत्र से ऊपर रहता है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने एक स्वर मे कहा की आने वाला विधानसभा चुनाव मे रौशनलाल चौधरी को विधायक बनाने मे पूरी ताकत झोंक देंगे। अब बड़कागांव रौशनलाल से ही रौशन होगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव, आजसू के वरिष्ठ नेता पप्पू प्रसाद मेहता, छोटू कुमार, कैशर आलम, आजसू के पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग एनएच 522 में रोल पत्थर के पास गुरूवार की शाम करीब 05:30 बजे सँध्या को सड़क हादसे में विष्णुगढ़ निवासी स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों में आशीष कुमार (25) पिता हरि कान्दू तथा पवन कुमार वर्मा (35) पिता पदुन कुमार शामिल हैं। वहीं, स्कूटी पर सवार एक अन्य युवक दीपक कुमार मालाकर पिता सुनील मालाकार को हल्की चोटें आई है। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों को इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। बताया जाता है कि स्कूटी पर तीनों युवक किसी काम से विष्णुगढ़ से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर एक गहरे गड्ढ़े की चपेट में आने से तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आई है। राहगीरों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस एवं परिजनों को दी। दोनों को इलाज के लिए विष्णुगढ़ सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बता दें कि एनएच 522 में इन दिनों कई जगहों पर गहरे गड्ढ़े उभर आए हैं। जिसके कारण आए दिन बाइकसवार राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं।

# बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से 25केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिल गई है, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे।

**जंगली इलाके में हाथियों के खतरे के बीच, अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।**

इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने मुन्ना सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जेके लक्ष्मी सीमेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा संपूर्ण भारत में स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया के 91वीं जन्म दिवस की अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हजारीबाग में भी लोहासिंहना रोड स्थित अक्षत स्टील × गुप्ता सीमेंट एजेंसी प्रतिष्ठान में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स के अध्यक्ष निर्मल जैन सीनियर सेल्स ऑफिसर निशांत कुमार प्रतिष्ठा के संचालक अमित कुमार, विशाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ अमित कुमार ने रक्तदान करके किया। तत्पश्चात आदर्श सिन्हा, सुशांत प्रकाश, गौरव कुमार, अनीश कुमार, प्रदीप प्रसाद, दीपक कुमार, रवि शंकर कुमार, सुमित कुमार, बृज बिहारी, विकास कुमार सिंह और विकास कुमार आदि 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कंपनी के सीनियर सेल्स अफसर निशांत कुमार, संचालक अमित कुमार, पूजा गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष कुमार, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, पूनम कुजूर, अजीत कुमार, गोपाल कुमार, मार्खम कॉलेज के सहयोगी छात्र सोनू कुमार, मनीष कुमार, सिया सिन्हा, सीमा कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

# बरही के पाँच पंचायत में 10 जुलाई तक नहाने और कपड़ा धोने के लिए मिल जायेगा पानी : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धनबाद रोड में स्थित एनएच गेस्ट हाउस में विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रेस वार्ता किया।मौके पर बरही के ज्वलंत समस्या पानी की समस्या पर चर्चा किया। इस दौरान निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के संवेदक भी मौजूद थे। संवेदक से पूरे कार्य की जानकारी लेने के बाद उन्होंने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया की बरही में जो पानी का किल्लत है, उसे आगामी 10 जुलाई तक दूर कर लिया जाएगा। 10 जुलाई तक बरही के लोगों को नहाने और कपड़ा धोने के लिए प्रखंड के पांचों पंचायत रसोइया धमना, बेंदगी, कोनरा, बरही पूर्वी एवं बरही पश्चिमी पंचायत को उपलब्ध करवा दिया जाएगा। वहीं कहा कि पीने योग्य पानी 31 अगस्त तक उपलब्ध करवा देंगे। साथ ही साथ कहा की नईटांड़ से बांझेडीह तक लगभग 86 करोड़ के लागत से 27 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य एवं कारीमाटी में 14 करोड़ रुपए के लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे वन विभाग द्वारा कुछ कुछ जगहों पर वन विभाग का जमीन बताकर काम बंद करवा दिया गया है। जिसको लेकर मैं उपायुक्त से मिलकर उपरोक्त सभी विषयों पर चर्चा करूंगा। ताकि बरही के जनता को लाभ मिल सके। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, सिकंदर राणा, मो वारिस एवं मो रिजवान अली समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निर्देशानुसार गुरुवार को को रामगढ़ जिला अन्तर्गत फुटबॉल डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं फुटबॉल खेलो इंडिया सेंटर में मादक पदार्थो के सेवन के रोकथाम हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुशप्रभाव से बचाव एवं रोकथाम हेतु जागरूकता किया जाना है साथ ही मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा बताया गया कि नशा के कारण घरेलु हिंसा एवं अत्याचार को रोकथाम एवं बच्चों/युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया द्य इस प्रतियोगिता के डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र में प्रथम अमन कुमार महतो , द्वितीय निशांत कुमार , तृतीय आलोक कुमार स्थान प्राप्त किया एवं खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्र में प्रथम बिना कुमारी , द्वितीय निखिल कुमार, तृतीय विवेक कुमार स्थान प्राप्त किया।

## 54 दिव्यांग वा विकलांग बच्चो को व्हीलचेयर दिया गया



**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार के दिन सामग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग वा विकलांग बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान किया गया विकलांग बच्चों में जीने की नई उमंग जागी है इस प्रकार के व्हीलचेयर से बच्चों के चेहरे में एक नहीं मुस्कान देखने को मिला वहीं संस्था के लोगों ने बताया कि 54 बच्चों को व्हीलचेयर दिया गया जिससे कि वह अपनी जिंदगी में कुछ करने को आसान बना सके इन तमाम बच्चों के माता-पिता ने बताया कि बच्चों को अब इधर से उधर आने जाने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा पहले काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था हमेशा सहारे की जरूरत पड़ती थी अब वह खुद से अपने व्हीलचेयर से कहीं भी आ जा सकते हैं। मांडू प्रखंड के प्रांगण में शिविर लगाकर व्हीलचेयर दिया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, एनटीएस बरकाकाना में 16 जून से 30 जून 2024 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' नामक एक पाक्षिक जागरूकता अभियान की शरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तिगत स्वच्छता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कक्षा षष्ठ् और सप्तम् के छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन माननीय प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद और श्रीमती प्रमिला सिंह, सीसीए प्रभारी, ने किया। प्राचार्य ने अपने भाषण में कहा कि स्वच्छता ईश्वरत्व की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है और छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। अभियान के दौरान, छात्रों ने स्कूल परिसर को 'नो प्लास्टिक जोन' और 'नो स्पिटिंग जोन' की तख्तियों से सजाया। यह पहल छात्रों को पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए की गई थी। इस आयोजन ने छात्रों में स्वच्छता के प्रति एक नई जागरूकता पैदा की और उन्हें स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता न केवल शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति और स्वच्छता प्रदान करती है, जिससे एक अच्छे चरित्र का निर्माण होता है।

## 22 जून को आजसू मनाएगा बलिदान दिवस, दुलमी में तैयारी पूरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड कार्यालय के झिंझरी टांड़ में गुरुवार को आजसू प्रखण्ड कमिटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अंगद महतो व संचालन प्रखण्ड सचिव नित्यानंद महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो शामिल हुए, उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। रामगढ़ में पार्टी ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। जिससे जिला का पहचान विकसित जिला में आता है। आगे कहा कि आगामी 22 जून को दुलमी प्रखंड कार्यालय में स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड से सेकड़ो कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर बिंदेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, मुन्ना कुशवाहा, युगल किशोर भागतिया ,भूषण महतो, राजेश कुमार महतो, टुनका महतो,काली महतो, भीम महतो, तेजनाथ महतो आदि उपस्थित हुए।

## रामगढ़ में आनंद साई दरबार का समारोह : तीन दिवसीय स्थापना दिवस के अवसर पर तैयारियों में जुटी मंदिर प्रबंधन समिति

**रामगढ़ :** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 24 जून से आरंभ होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक 19 जून को मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नंदकिशोर प्रसाद एवं संचालन मनोज मंडल ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी अरुण कुमार महतो द्वारा किया गया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधन समिति के अमित कुमार सिन्हा मौजूद थे। बैठक में उन्होंने बताया कि आनंद साई दरबार के 14वें स्थापना दिवस समारोह के तहत 24 जून को शाम 4:00 बजे पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 25 जून को प्रातः 9:00 बजे हवन एवं पूजन का आयोजन होगा। वहीं, 26 जून को अपराहन 12:30 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 जून को आयोजित किये जानेवाले पालकी यात्रा को सफल बनाने में शैलेंन्द्र ठाकुर, रोहित कुमार गुप्ता, मल्लिका दत्ता, शरद सिन्हा, अजीत जयसावल, अजीत कुमार, विनोद जायसवाल और सुभाशीष योगदान देंगे। वहीं, 26 जून को आयोजित होनेवाले अटूट भंडारे को सफल बनाने में सुबोध सिन्हा, कृष्णा ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, विनोद साव, राजेश प्रसाद, जीतू अग्रवाल ,विनोद जायसवाल, शशि पांडे, अरूण महतो और शैलेन्द्र ठाकुर योगदान देंगे। मौके पर शैलेन्द्र ठाकुर, शीतल हि, अरविंद कुमार अग्रवाल, सविता देवी, बसंत कुमार, मालती देवी, गुंजन देवी, शैलेन्द्र ठाकुर, दीपू अग्रवाल, रोहित कुमार गुप्ता,आदि थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 18/06/2024

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- **(1) ई-निविदा सं. 56-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** धनबाद मंडलः-व. मं. अभि.(4)/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि./ चोपन के अधीन टीबीआर (टर्न आउटस): बिल्ली-करैला रोड (04 सेट), करैला रोड-कटनी (44 सेट), करैला रोड-एनसीएल (36 सेट) और सहा. मं. अभि./रेणुकूट के अधीन गढ़वा रोड-बिल्ली (24 सेट)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 3,00,25,668.31 **(2) ई-निविदा सं. 57-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** धनबाद मंडल-व. मं. अभि.(4)/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि./रेणुकुट तथा सहा.मं.अभि./चोपन के अधीन सीटीआर (पी): गढ़वा रोड-बिल्ली = 2.82 टीकि.मी. एवं बिल्ली-करैला रोड = 4.274 टीकि.मी.। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,39,05,238.76 **(3) ई-निविदा सं. 58-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** धनबाद मंडल के अधीन सिंगरौली में 2x2एमवीए पावर ट्रांसफर्मर के प्रावधान द्वारा पावर आपूर्ति प्रणाली का संवर्धन और 33/11 केवी सब स्टेशन पर चाहरदीवारी का प्रावधानः सिविल अभियंत्रण कार्य। **08 (आठ) महीना , कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 96,38,775.77 **(4) ई-निविदा सं. 59-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा.मं.अभि./गुझंडी के क्षेत्राधिकार अधीन दिलवा में इलेक्ट्रानिक इंटरलांकिग भवन का निर्माण। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,63,84,366.92 **(5) ई-निविदा सं. 60-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा. मं-अभि. /1/गोमो के अधीन पूलों में निरिक्षण सीढ़ी, ब्लास्ट रिटेनर और इपॉक्सी ग्राउटिंग का प्रावधान (74-छोटे पूल, 7 बृहद पूल एवं 1 आरओबी)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,69,72,611.04 **(6) ई-निविदा सं. 61-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा.मं. अभि./1/ धनबाद के अधीन बेकारबांध, रांगाटांड, हिल एवं हॉस्पिटल कालोनियों में स्टाफ आवासों का सुधार। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,92,41,267.16, **ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 11.07.2024 को 12.00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 11.07.2024 को 12.30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद**

पीआर/0516/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/24-25/76


केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का रामगढ़ के सुभाष चौक में हुआ स्वागत

## हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर झारखंड में सरकार बनाने का हैं : अन्नपूर्णा देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का दिल्ली से कोडरमा जाने के क्रम में रामगढ़ के सुभाष चौक पर गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गयाद्य रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत की उपरांत केंद्रीय मंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने



नेताजी के गले में पड़े सूखे और पुराने फूल के मालाओं को साफ करने को कहा। प्रतिमा को साफ करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने माल्यार्पण किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है। चुनाव को लेकर पार्टी का निरंतर मंथन चलता रहता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्टी की बैठक हुई है। लक्ष्य हमारा झारखंड जीत हैं । हमारा लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर झारखंड में एक मजबूत सरकार बनाएं द्य उनसे पूछा गया कि झारखंड में गठबंधन होगा क्या इस पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह पार्टी का विषय है। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू, उमेश प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, जेपी सिंह,मनोज जायसवाल, सुबोध सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अजीत गुप्ता, भीमसेन चौहान, मिथिलेश मंडल, बृजेश पाठक, सारिका राठौर, शीतल सिंह, मेनका देवी, धीरज साहू, राजेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, गुरजीत सिंह, प्रफुल्ल त्रिपाठी, जीतू यादव, प्रवीण कुमार सोनू,इलारानी पाठक आदि शामिल थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में योग पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में योग का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इससे पूर्व शिक्षकों के निर्देशन में जारी योग पखवारा के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने घर पर प्रतिदिन योगाभ्यास किया गया। शिक्षकों ने सभी को योग के विभिन्न आसनों कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, बालासन, ताड़ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की जानकारी दी गई। उन्हें योग के फायदे बताए गए।परिचर्चा में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण का एक समग्र मार्ग है। यह सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। मन की अशुद्धता को बाहर निकाल कर व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज हर व्यक्ति कहीं न कहीं दोषपूर्ण जीवनशैली में जीने लगा है। निदेशक (एकेडमिक) एसके चौधरी ने कहा कि सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए योग का असंख्य लाभ है। जिसके कारण योग ने पूरी दुनिया में अपार लोकप्रियता हासिल की है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10 वीं वर्षगांठ पर योग करने और समाज में भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया।आयोजन को सफल बनाने में प्रोन्नति मुखर्जी, उषा कुमारी, रीता राय, प्रीति कुमारी, सीमा लकड़ा, दिव्या कुमारी, सोनिका तिर्की, अंजली कुमारी का योगदान रहा।

## बिजली की समस्या को लेकर चेंबर ने बिजली विभाग के पदाधिकारी के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विगत कुछ दिनों से रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, गोला रोड एवं पूरे शहर एवम भुरकुंडा में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर गुरुवार को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अधीक्षन अभियंता, के साथ वार्ता की जिसमें बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता कन्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता तकनीकी एवं अन्य पदाधिकारी में उपस्थित थे इस बैठक में चैंबर ने रामगढ़ शहर एवं खासकर भुरकुंडा में हो रही बिजली समस्या के बारे में विस्तृत से प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य अधीक्षक अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल रामगढ़ से बात करते हुए बताया कि भुरकुंडा में व्यापारियों का विद्युत कनेक्शन कैंप के माध्यम से हुआ था जिस पर अभी तक भी पत्र गठित नहीं हुआ है पत्र पारित करने की दिशा में पहल करने का आग्रह



प्रतिनिधि मंडल द्वारा अधीक्षण अभियंता को किया गया अधीक्षन अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल का आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के अंदर में सभी व्यापारियों का जिनका विपत्र अभी तक पारित नहीं हुआ है पारित हो जाएगा यही नहीं रामगढ़ शहरी क्षेत्र में विगत 15 दिनों से खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर चैंबर ने अभियंता से इसकी शिकायत की अधीक्षक अभियंता ने बताया कि पावर ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने की वजह से कुछ समस्याएं उत्पन्न हो रही है उसका भी समाधान दो से तीन दिनों के अंदर कर लिया जाएगा और एक दूसरी पावर ट्रांसफर आ रहा है उसके आते ही शहर की विद्युत व्यवस्था बिल्कुल सुचारू ढंग से बहल हो जाएगी चर्चा में अधीक्षक अभियंता ने यह विश्वास दिलाया की दो-चार दिनों में ही इस समस्या का निधन कर दिया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल अधिवक्ता, पंकज तिवारी मनजी सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब 50 बेड का बनेगा : अम्बा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का भवन 30 बेड के स्थान पर 50 बेड का बनेगा। विधायक अंबा प्रसाद की मेहनत रंग लाई है। विधायक ने इस मामले को लेकर विधानसभा में कई बार मामला उठाया, निवेदन समिति की बैठकों में रखा,स्वास्थ्य सचिव,भवन निर्माण विभाग के सचिव एवं उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात करके सुविधा अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन को 30 बेड के स्थान पर 50 बेड स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पहल की जिसके बाद अंततः भवन



निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बेड का अस्पताल बनाने में लगभग 12 करोड़ 68 लाख 78 हजार की लागत आएगी। ज्ञात हो कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भवन निर्माण में अनियमितताओं का हवाला देकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पहुंचकर इस संबंध में एनओसी दिलवाने का कार्य किया। विधायक ने इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कई वर्षो की मेहनत रंग लाई है।अब पतरातू प्रखंड वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। पुराना भवन काफी जर्जर स्थिति में था जिसके लिए लगातार प्रयास कर रही थी कि 30 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 50 बेड का किया जाए ।


**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting RFP**
for
Engineering, Procurement & Construction (EPC)
**Ref No: SHAJ/Tech/CW/Shankha - Khajuri/2024/312Date: 19.06.2024.**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **Widening and Strengthening / Reconstruction of NH-39 to Shankha to Khajuri road (Total Length-21.620 km.)**. The approximate cost of the work is Rs. **184.00** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **01.07.2024 (10:30 A.M.) to 31.07.2024 (upto 12:30 P.M.).**

The complete RFP Application shall be submitted online by **31.07.2024 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **01.08.2024 (at 12:30 PM).**

3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 1.84 crore (Rs. One Crore Eighty Four Lakhs) only. Tender fees and Earnest money Deposit (EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.

**Sd/-**
**Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar**
**(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

**PR.NO.327135 State Highway Authority of Jharkhand(24-25):D**



**कार्यालयः-उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, चतरा**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड रॉंची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या-203/2022 एवं अन्य संबद्ध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में विभागीय संकल्प संख्या-283, दिनांक-28.02.2024 के द्वारा काउंसिलिंग हेतु सिद्धांतों का निरूपण एवं कंडिका-13 में शर्तों का निर्धारण किया गया है तथा संकल्प की कंडिका-14 के आलोक में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड रॉंची के पत्रांक-786, दिनांक-19.06.2024 में निहित निदेश के आलोक में काउंसिलिंग हेतु दावा, आवेदन जमा करने की तिथि, स्क्रूटनी की तिथि एवं काउंसिलिंग की तिथि निम्नवत् रूप से निर्धारित की जाती है:-

इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या क्रमशः 06/2015 एवं 07/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा) के क्रम में पूर्व की अन्तिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित अन्तिम काउंसिलिंग हेतु आवश्यक सूचना के प्रकाशन।

| क्र0सं0 | कार्य | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन के क्रम में (पारा/गैर पारा कोटी, जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनों कोटि में अलग-अलग आवेदन किया गया हो, तो अलग-अलग साक्ष्य स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति सहित) दावा आवेदन प्राप्त करने की तिथि। | दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 22.07.2024 |
| 2 | प्राप्त दावा आवेदनों की स्क्रूटनी एवं जिले के वेबसाईट **chatra.nic.in** पर काउंसिलिंग हेतु सूची के प्रकाशन की तिथि। | दिनांक 23.07.2024 से दिनांक 31.07.2024 |
| 3 | काउंसिलिंग की तिथि। (1. विभागीय संकल्प सं0-283, दिनांक-28 .02.2024 की कंडिका-13 (ii) के आलोक में अभ्यर्थी को किसी एक ही कोटि के पदों पर काउंसिलिंग में भाग लेने का निर्णय लेना होगा एवं कंडिका 13(xii) ऐसे अभ्यर्थी जिनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र हिन्दी विद्यापीठ, देवघर से दिनांक 26.02.2015 तक निर्गत है, भी मेधा सूची के आधार पर प्रस्तावित काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। शेष शर्त यथावत रहेंगे।) | दिनांक 01.08.2024 |
| 4 | अंतिम चयन सूची के प्रकाशन की तिथि। | दिनांक 07.08.2024 |

**पत्राचार का पता-जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, ब्लॉक कैम्पस, चतरा-825401**

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा

उपायुक्त, चतरा

PR 327043 District(24-25)D



**कार्यालय जिला परिषद, चतरा।**

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**

**ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | मोकतमा | मोक्तमा | Construction of P.C.C road from Badka Talab to Bagicha via Bhumihar Tola. | 6343900 | 10000 | 127000 | 06 माह |
| 02 | टण्डवा | धनगड़ा | खरीका | Construction of PCC Road from Dhangadda hesatu Road kali Bagi to kanudi PWD Road via house of Md. Mumtaj Alam | 9979200 | 10000 | 200000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 10/07/2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - 13.07.2024 से 20.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 22.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 8709184201

10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 326975 (District) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**

**(संविदा पर नियुक्ति हेतु लिखित एवं दक्षता मुल्यांकण संबधी सूचना)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ में जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आपत्ति निराकरण के पश्चात् परीक्षा में सम्मलित होने हेतु सफल अभ्यर्थियों, MIS Coordinator, IEC Coordinator, एवं SBM cum SLWM Coordinator, Accountant एवं Block Wash Coordinator का नियुक्ति हेतु निम्न तिथियों के अनुसार लिखित परीक्षा एवं दक्षता मुल्यांकन की जायेगी।

| क्र0 संख्या | पद का नाम | लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थल | दक्षता मुल्यांकन की तिथि/स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | SLWM Coordinator | तिथि - 28.06.2024 समय - 11:00 बजे पूर्वाहन् से 11:30 बजे पूर्वाहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। Reporting Time - 10:30 AM | तिथि - 28.06.2024 समय - 02:00 बजे अपराहन् से 02:30 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। |
| 2 | Block Wash Coordinator | | |
| 3 | MIS Coordinator | तिथि - 28.06.2024 समय - 11:30 बजे पूर्वाहन् से 12:00 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। Reporting Time - 10:30 AM | तिथि - 28.06.2024 समय - 02:30 बजे अपराहन् से 03:00 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। |
| 4 | IEC Coordinator | तिथि - 28.06.2024 समय - 12:00 बजे अपराहन् से 12:30 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। Reporting Time - 10:30 AM | तिथि - 28.06.2024 समय - 03:00 बजे अपराहन् से 03:30 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। |
| 5 | Accountant | तिथि - 28.06.2024 समय - 12:30 बजे अपराहन् से 01:00 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। Reporting Time - 10:30 AM | तिथि - 28.06.2024 समय - 03:30 बजे अपराहन् से 04:00 बजे अपराहन् तक। स्थल - समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू। |

नियम एवं शर्तें की विस्तृत सूचनाऐं https://ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

- सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु अपना प्रवेश पत्र दिनांक 28.06.2024 को पूर्वाहन् 09.00 पूर्वाहन् से 10:00 बजे पूर्वाहन् तक परीक्षा भवन समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' में आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें साथ ही साथ प्रवेश पत्र में चिपकाने हेतु दो अदद **Colour** पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ अवश्य लायेगें।
- दक्षता मुल्यांकन के दिन सभी मूल प्रमाण पत्रों तथा प्रवेश पत्र के साथ ससमय दक्षता मुल्यांकन में उपस्थित रहेगें।
- चयन समिति दक्षता मुल्यांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन कर सकती है।
- वैसे अभ्यर्थी जो उपर्युक्त पॉचों पद के लिए परीक्षा में शमिल होंगे उन्हें प्रत्येक पद के लिए 2-2 फोटो लाना अनिवार्य होगा।
- आवेदित पद हेतु संबंधित अभ्यर्थी अपने साथ किन्ही एक परिचय पत्र निश्चित रूप से अपने साथ लायेगे। (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाईसेंस)
- अभ्यर्थी अपने साथ **Blue/Black** बॉल पेन साथ लायेगें।
- परीक्षा कक्ष में अपने साथ किसी भी प्रकार मोबाईल/कैल्कुलेटर/इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस लाना वर्जित होगा।
- परीक्षा के समय कदाचार पाये जाने पर परीक्षार्थी की अभ्यर्थता समाप्त कर दी जायेगी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा/दक्षता मुल्यांकन में शामील होने के लिए किसी भी प्रकार की यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त, -सह- अध्यक्ष
नियुक्ति समिति रामगढ़

**PR 327030 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D**

## सभी के सहयोग से करें नशामुक्त राष्ट्र का निर्माण : रीना कुमारी

# नगर भवन में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य सरकार के निदेश पर जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा द्वारा आज गुरूवार को मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आज समाज में प्रत्येक वर्ग के बच्चे नशा से ग्रसित हैं। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा यह कार्यशाला रखी गई है जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र की कर्मीगण भी हैं जिनकी पहुंच के प्रत्येक वर्ग तक है। अक्सर पंचायत व प्रखण्ड स्तर में नशा के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की बात होती है। इसमें आंगनवाड़ी सेविकाओं की भूमिका बढ़ जाती है। आप अपने-अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र में जाएं और नशा से ग्रसित किशोरों व युवाओं को जागरूक करें और नशा छुड़वाएं। जरूरत पड़े तो जनप्रतिनिधियों को भी साथ लें। उन्हें पढ़ने-लिखने व खेलकूद में रूचि लेने के लिए प्रेरित करें। आपके सहयोग से गांव नशा मुक्त बनेगा। साथ ही जिला के साथ-साथ राज्य और पूरा राष्ट्र नशामुक्त बनेगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आज बच्चें व किशोर आसानी से नशे की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण सोशल मीडिया के जरिये मांदक पदार्थों तक आसानी से पहुंच होना है। लोग असानी से मादक पदार्थों के विक्रेताओं तक पहुंच जा रहे हैं। आज नशा का तरीका भी बहुत एडवांस हो चुका है। ऐसे में बच्चों व किशोरों समेत जो भी नशा करते हैं उनका काउंसलिंग जरूरी है। आंगनवाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों को खेलकूद व पढ़ाई के जरिये व्यवस्त रखें। जो भी नशा की गिरफ्त में हैं उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नशा करने से किसी प्रकार का तनाव दूर नहीं होता है,यथ भ्रम है। तनाव व समस्याएं दूर करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। आज के कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने मादक पदार्थो के इस्तेमाल पर रोक के लिए 19 से 26 जून 2024 तक चल रहे अभियान की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही बताया कि अगर कोई भी नशे की गिरफ्त में है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 112 पर कॉल कर दी जा सकती है। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षक, स्वयंसेवी संस्थाएं समेत कई संस्थाएं मिल कर कार्य कर रही हैं। हम सभी को अभियान को सफल बनाना है और लोहरदगाा जिला को नशामुक्त बनाना है। आज के कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष/सचिव आदि उपस्थित थे।

## डाअना+2 उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 जुन बुधवार को डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय मे राज्य परियोजना निदेशक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर 2024-25 प्रखंड स्तरीय 15 आयुवर्ग के छात्रो का प्रखंड संसाधन केंद्र कैरो में सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 19 जुन बुधवार के उक्त आयोजन मे प्रखंड के म0वि0 चा ल्हो, म0 वि0 नरौली, गराडीह, म0 वि0 कैरो, ऊ0वि0 कैरो,म0 वि0 नगजुवा, म0वि0 हुद्दू, म0वि गितिलगढ़ गजनी, सढाबे के कुल 10 विद्यालयों के 15 आयुवर्ग छात्रो ने खेल मे भाग लिया। जिसमें फाइनल मुकाबला मे मध्य विद्यालय कैरो बनाम म0 वि0 हुद्दू के बीच फुटवाल मैच मे कैरो हुद्दू से पेनाल्टी शाट मे 04 -03 से बढ़त बनाकर कैरो मध्य विद्यालय की टीम विजयी रही। विजयी टीम को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन, डा0 अनुग्रह नारायण + 2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, खेल शिक्षक राजेश साहू ने मोमेंटो देकर खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपरोक्त पदाधिकारी, सीआरपी, बीआरपी, शिक्षक के अलावा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक पवन कुमार भगत, रंजीत पांडे, विनीत कुमार, ताजमौहम्मद, मनीष बाखला, शिव प्रजापति, कृष्णा उराँव, तेजा उराँव, प्रकाश मिंज के अलावा प्रखंड के सभी 10 विद्यालयों के 15 आयुवर्ग छात्र खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बाल विवाह कानूनन अपराध है : बाल संरक्षण पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दिनांक 16-6-2024 को समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा द्वारा बाल कल्याण समिति लोहरदगा एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा को सूचना दी गई की कैरो प्रखंड के एक ग्राम में दिनांक 19.6.2024 को एक बालिका का बाल विवाह किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। लड़की कैरो प्रखंड की है जबकि लड़का खूंटी जिले का है। लड़की की उम्र लगभग 14 15 वर्ष है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-बाल विवाह निषेध पदाधिकारी कैरो, थाना प्रभारी, कैरो, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका तथा मुखिया को दी गई साथ ही खूंटी जिला के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति खूंटी को भी उपलब्ध कराई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो, थाना प्रभारी कैरो एवं मुखिया द्वारा बालिका के परिजनों से संपर्क कर उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया की लड़की की 18 वर्ष से कम तथा लड़के के 21 वर्ष से कम उम्र में शादी किया जाना कानूनन अपराध है तथा ऐसा करने पर 2 साल की जेल या ?100000 तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। लड़की के परिजन ने लिखित रूप से बताया कि अब वह अपनी लड़की का विवाह उसके 18 वर्ष पूरी होने के बाद ही करेंगे। जिले में बाल विवाह के रोकथाम हेतु उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,जिला बाल संरक्षण इकाई, लोहरदगा द्वारा सभी बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को निर्देश भी दिए गए हैं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा भी उपरोक्त हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस होने वाले बाल विवाह को रोकने हेतु बाल कल्याण समिति लोहरदगा/खूंटी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा/खूंटी, चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा/खूंटी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो, थाना प्रभारी कैरो, संबंधित मुखिया, पीएलभी, चौकीदार इत्यादि की अहम भूमिका रही।

## पेयजल की समस्या को देखते हुए कार्यपलक अभियंता से मिले विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में उठे मुद्दा पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कार्यपालक अभियंता से वस्तु स्थिति को जानने के लिए पहुंचे। विधायक कोनगाड़ी ने कार्यपालक अभियंता से कहा कि आपके विभाग द्वारा सरकार को जानकारी दी गई है कि सिमडेगा जिला में नल जल योजना शत् प्रतिशत पूर्ण हो चुका है,जो कहीं से भी सही नहीं है। क्यों कि हमारे क्षेत्र से हमें जानकारी दी गई है कि बहुत सारे ऐसे भी गांव है जहां पर कार्य हुआ ही नहीं है। मैं स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करता हूं फलस्वरूप वहां भी लोग दिखा कर शिकायत दर्ज कराते हैं। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा ने कहा कि ये जो समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है वैसा रिपोर्ट नहीं दिया गया है हां ये जानकारी दी गई कि अगस्त माह तक हर घर नल जल योजना पूर्ण हो जाएगा। क्यों कि अभी भी कार्य अपूर्ण है।दुसरी बात कि बहुत सारे जलमीनार पंचायत को सुपुर्द किया गया है जिसकी देख रेख पंचायत के जिम्मे है, किन्तु सर जब पेयजल की बात आती है तो हमें कहा जाता है। मैं समझ सकता हूं सर कि आम नागरिक टेक्निकल बहुत सारे बातों को नहीं समक्षते है। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि मैं एक सूचि माननीय को उपलब्ध करा दुंगा कि कौन कौन सी जलमीनारें विभाग के जिम्मे है और कौन-कौन सी पंचायत के जिम्मे है। जहां तक रही छुटे हुए हर घर नल जल योजना वो मैं अगस्त माह तक पुरा करूंगा। विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि आपके संवेदकों के द्वारा चापाकल की खोदाई में देरी की जा रही है। जिससे जनता भ्रमित है कि गत वर्ष जैसा इस वर्ष भी ना हो जाए। क्यों कि अगले बार बहुत स्थानों पर खोदाई नहीं हुआ था।

## एसआईएस सुरक्षाकर्मियों के पंजीयन हेतु 24 जून से 29 जुलाई तक लगेगा शिविर

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रुप कमांडेंट, सिक्युरिटी एंड इंटेलीजेंस सर्विसेज लिमिटेड, केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र, अनुशासनपुरम, बेलचम्पा, गढ़वा (झारखण्ड) के पत्र के आलोक में एसआईएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंड परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन 24 जून से 29 जुलाई 2024 तक निम्नांकित तिथियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रखंडवार तिथि इस प्रकार है। किस्को प्रखंड परिसर में 24 जून एवं 22 जुलाई तक। पेशरार प्रखंड परिसर में 25 जून एवं 23 जुलाई तक। कैरो प्रखंड परिसर में 26 जून एवं 24 जुलाई तक। भंडरा प्रखंड परिसर में 27 जून एवं 25 जुलाई तक। सेन्हा प्रखंड परिसर में 28 जून एवं 26 जुलाई तक। कूडु प्रखंड परिसर में 29 जून एवं 27 जुलाई तक एवं लोहरदगा प्रखंड परिसर में 01 एवं 29 जुलाई तक आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी ने दी।

## पिकअप वाहन के तेज रफ्तार का दिखा कहर, नाबालिक बच्चे को लिया चपेट में



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 जुन बुधवार को शाम कैरो टाटी चट्टी मुख्य सड़क पर प्रखंड के खंडा महावीर मंदिर लहुरन साहू के घर के पास एक पिकअप गाड़ी ने एक 12 वर्षीय नाबालिक बच्चा को लिया अपने चपेट में टक्कर इतना जोरदार हुआ कि पानी पीने जा रहा बच्चा का एक पैर टूटकर सड़क पर बिखर गया। बताया जा रहा है कि नाबालिक बच्चा 12 वर्षीय पवन टाना भगत पिता प्रेमचंद टाना भगत किसी काम से कैरो गया था । कैरो की ओर से अपना घर गजनी जाने क्रम में हनुमान मंदिर के पास बच्चा चापानल से पानी पीने के लिए मुड़ रहा था। तभी अचानक कैरो की ओर से पिकअप गाड़ी तेज रफ्तार से आ रही थी। और बच्चा को टक्कर मार दिया। जिसमें नाबालिक बच्चा का एक पैर पूरी तरह से टूट गया। मौके पर कैरो थाना पुलिस पहुँच कर बच्चा को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा। एवं पिकअप वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है।

## लोकपाल द्वारा मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा योजना के माध्यम बन रहे कुँवा, तलाब और डोभा का निरीक्षण लोकपाल द्वारा किया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना से बन रहा कुँवा, तलाब और डोभा का निरीक्षण कार्य स्थल पर लोकपाल अधिकारी इंदु तिवारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड क्षेत्र के मेढ़ों, उगरा, मुरपा में बन रहा कुँवा, तलाब और डोभा का निरक्षण किया गया। वही श्रीमती तिवारी द्वारा योजनाओं को ससमय पूर्ण करने योजनाओं का अभिलेख संधारण सही तरीके से करने तथा कार्य के लिये गुणवत्ता पूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने तथा योजना स्थल पर मनरेगा सुविधाओं की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं के अभिलेख का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, मुखिया बसन्ती देवी, पंचायत सचिव रिझवान अख्तर, रोजगार सेवक प्रवीण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे।

## बालक वर्ग में गगेया व बालिका वर्ग में शाहबुटी की टीम बना प्रखंड चैम्पियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड सरकार के युवा व खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार युवक युवतियों के बीच खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्रओं के बीच प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन कराया गया। मैच संचालन के लिये बालक वर्ग का मैच नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में और बालिका वर्ग के लिये बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा के खेल मैदान में आयोजित किया गया। आयोजित खेल में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में से बालकों के 17 वर्ष आयु वर्ग में मात्र 5 टीमो ने भाग लिया। वही 15 वर्ष आयु वर्ग में मात्र 2 टीम ही भाग लिया तथा बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग में मात्र 6 टीमो ने भाग लिया वही 15 वर्ष आयू वर्ग में शाहबुटी की टीम पेनाल्टी सूटआउट में 2 गोल से बेसिक स्कूल को पराजित किया तथा 17 वर्ष आयु वर्ग में गगेया की टीम ने सीठीयो को 1 गोल से पराजित किया और बालिका वर्ग में शाहबुटी की टीम नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु को 2 गोल से पराजित कर प्रखंड चैम्पियन बना। मौके पर अम्बिका शरण पाण्डेय, सारू उराँव, रंजू साहु, अनिल उराँव, नीलिमा टेटे, श्रुति कुमारी, मुक्ति नन्दनी प्रसाद सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## सड़क का पानी घर में घुसने से लोग हुए परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** ठाकुर बाड़ी मंदिर सेन्हा से भंडरा तक बन रहे सड़क मे नाली बनने के लिए गड्ढा खोदा गया है। और एक तरफ पहले से बने नाली को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण ठाकुर बाड़ी मुहल्ला वासियों के सभी लोगों के घरों मे पानी घुस गया है। सड़क निर्माण कार्य गंगा कंस्ट्रकसन के द्वारा किया जा रहा है। लगभग एक साल से ज्यादा समय से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन न अभी तक सड़क पुरा हुआ है। न नाली ही बन पाया है कार्य इतना धीमा चल रहा है की लोग अब पारेशान होने लगे हैं। सड़क के दोनो ओर नाली बना हुआ था परन्तु सड़क निर्माण मे एक तरफ नाली बन्द हो गया है। अब मौनसून के पहले बारिस होने से लोगों के घरों मे पानी घुसने लगा है। जिसे संतोष महतो,बिकास पाठक, गणेश महतो, चंद्रमोहन पाठक, महाबीर महतो, नर्मदेश्वर पाठक, श्रीधार पाठक, मानन अंसारी साहित अन्य लोगों के घरों मे नाली का पानी घुसने से लोगों ने बाल्टी, लोटा, थाली से घर मे घुसा पानी हटाया गया। नली का पानी घर मे घुसने से लोगों के मन मे सड़क निर्माण कर रहे कम्पनी के खिलाफ गुस्सा देखा जा सकता है। सड़क निर्माण के लिए समय की कोई समय सीमा नहीं है। कम्पनी के मनमानी के करण घरों में पानी घुसने से लोगों के घरों मे रखा चावल गेहूं सहित अन्य खाद्य पदार्थ व जरूरत का समग्र भीग गया है। जिसे खराब होने की सम्भवना है। भींगने से खाद्य सामग्री खराब होने से भरपाई कौन करेगा सड़क निर्माण कम्पनी या सरकार की गरीबों को उनकी स्थिति मे ही छोड़ दिया जायेगा। ग्रामीणों ने जल्द नाली निर्माण करने की बात कही है। नहीं तो सड़क निर्माण कम्पनी के विरुद्ध लोग सड़क पर उतर कर विरोध के लिए भी तैयार हैं।

## नगर परिषद की लापरवाही के कारण, शहर भर में जल जमाव, लोग परेशान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में मानसून प्रवेश करने के साथ ही जल जमाव होना शुरू हो गया। गुरुवार को अपर बाजार, मेन रोड पर नाली का पानी सड़क पर आने से सड़क में पूरी तरह जल जमाव हो गया जिसे आने जाने वाले राहगिरो को काफी परेसानियो का सामना करना पड़ा। वही मुहल्ले वालो का कहना है की पिछले 4 दिनों से रोजाना नगर परिषद कार्यालय में बोला जा रहा था की अपर बाजार, पीछे लोहरा गली, अग्रवाल मुहल्ला, मेन रोड की नाली भरी हुई है जिसे साफ सफाई किया जाय परंतु नगर परिषद द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया और बारिश हुई तो घर और सड़को पर आ जाएगा। जिसके बावजूद भी नगर परिषद द्वारा लापावाही वरती गई। जिसका नतीजा यह हुआ की गुरुवार को बारिश के बाद पानी सड़कों पर लबालब भर गई कही कही तो तेज बारिश में पानी घर तक घुस गया जिसे आम लोगो काफी परेसानियों का सामना करना पड़ा। नगर परिषद की इस लापरवाही के कारण मुहल्ले वासी काफी नाराज है।

## योग प्राणायाम व आयुर्वेद से जुड़कर स्वस्थ जीवन मिला

# पतंजलि के प्रशिक्षित योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिला स्वस्थ जीवन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** योग भारतीय सनातन संस्कृति की विश्व को दी गई अनुपम उपहार है। योग से जुड़कर लोहरदगा जिले में योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थान पतंजलि योग समिति विभिन्न योग कक्षाओं एवं योग शिविरों के माध्यम से कई लोगों को लाभ मिला है।बताते चलें कि 48 वर्षीय सावित्री देवी पिछले 1 वर्ष से पतंजलि के अभय भारती के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यासी रहे हैं। वह बताती हैं कि पूर्व में उन्हें सिर दर्द, गैस, पैर का दर्द और शरीर में निरंतर दर्द महसूस होता रहता था। चलने में भी कठिनाई होती थी, पतंजलि के आयोजित शिविरों में भाग लेकर वह पिछले 1 वर्षों से निरंतर योग कर रही हैं और अब उन्हें इन समस्याओं से मुक्ति मिल चुकी है। योग के साथ-साथ आयुर्वेद के बारीकियां से भी वे अवगत हुई है, जिनका प्रयोग अपने दैनिक जीवन एवं परिवार के सदस्यों के बीच करती हैं। इसी तरह ब्लॉक कॉलोनी में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर में शामिल होकर 35 वर्षीय करुणा श्रीवास्तव पीठ दर्द,सांस लेने में तकलीफ एवं शुगर की समस्या से जूझ रही थी लगभग डेढ़ वर्ष से योग का अभ्यास करती हैं। योग के अभ्यास के साथ प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्य नमस्कार आदि का निरंतर अभ्यास कर अब सुगर, पीठ दर्द एवं सांस लेने में तकलीफ आदि समस्याओं से राहत में है। किस्को मोड़ 34 वर्षीय खुशबू भारती को योग एवं स्वस्थ दिनचर्या से चमत्कारिक लाभ मिला। वे बताती हैं कोरोना काल में ऑनलाइन सह योग प्रशिक्षण पतंजलि योगपीठ हरिद्वार संस्थान से प्रशिक्षण लेकर स्वस्थ जीवन जी रही हैं। उन्होंने एक्यूप्रेशर चिकित्सा व आयुर्वेद चिकित्सा को भी जीवन में आत्मसात किया है। लोहरदगा के बाबा मठ 52 वर्षीय निवासी महेंद्र प्रसाद गैस,कब्ज की समस्या से ग्रसित थे। पिछले चार वर्षो से पतंजलि के योग कक्षा सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में योग कक्षा से जुड़कर बेहतर जीवन जी रहे हैं। कुडू जामुन टोली 47 वर्षीय पूर्णिमा देवी लिकर,सुगर व शरीर दर्द की समस्या से जूझ रही थी। निरंतर योग शिक्षक प्रवीण भारती के मार्गदर्शन में प्राणायाम में अनुलोम विलोम, बाह्य प्राणायाम, भ्रामरी का अभ्यास कर लगभग रोग मुक्त हुई हैं।

# अब फोन में हर दिन 24 घंटे एवं सप्ताह में छह दिन प्रखंड कार्यालय में बैठक कर जनता की समस्या सुन उनकी सेवा करेंगे विधायक भूषण बाड़ा के प्रतिनिधि

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर विधायक भूषण बाड़ा ने किया सराहनीय पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राहुल गांधी जी के जन्मदिन के मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने जनता की समस्या सुनने के लिए सराहनीय पहल किया है। विधायक ने जनता की सेवा के लिए अपने प्रतिनिधियों का हेल्पलाइन नम्बर जारी करते हुए प्रखंड में बने कार्यालय में भी सप्ताहं में सोमवार से शनिवार छह दिन बैठकर जनता की समस्या सुनने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त किया है। विधायक ने जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक हेल्पलाइन नम्बर जारी करते हुए क्षेत्र की जनता से अपनी समस्याएं दूरभाष के माध्यम से बताने की अपील की है। बुधवार को विधायक ने कुरडेग प्रखंड कार्यालय से हेल्पलाइन नम्बर जारी किया। विधायक ने कहा कि राहुल गांधी ने देश की जनता को न्याय दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी कड़ी में उनके जन्मदिन के मौके पर सिमडेगा की जनता को न्याय दिलाने के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जनता का 24 घंटे सेवा करने के उद्देश्य से सभी प्रतिनिधियों का हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है। साथ ही इन सभी प्रतिनिधियों को प्रखंड में बने विधायक के कार्यालय में सप्ताह में छह दिन बैठकर जनता की समस्या सुनने एवं उनका समाधान करने का भी निर्देश दिया है। विधायक ने जनता से भी उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों से सम्पर्क करने की अपील की है। विधायक ने कहा कि यह हेल्पलाइन नम्बर जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसी को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। जिसके माध्यम से जनता के सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और जाति धर्म की भावना से ऊपर उठकर समाज के तमाम जनता को एक समान न्याय दिलाने के लिए यह हेल्पलाइन नम्बर जनता को समर्पित है।

**यहाँ की जनता इनसे करें सम्पर्क**

विधायक ने बताया कि जिला स्तरीय हेल्पलाइन नम्बर में जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह एवं नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद को जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं कुरडेग प्रखंड के लिए विधायक प्रतिनिधि गुड्डु खान, शीतल तिर्की एवं विनोद दास को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि पालकोट प्रखंडवासी विधायक प्रतिनिधि बसन्त कुमार गुप्ता, सुषमा केरकेट्टा, मड़वारी सिंह व केश्वर सिंह से सम्पर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। वही पाकरटांड प्रखंडवासी विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, अनिल जेम्स बखला, अख्तर खान, माइकल खड़िया, केरसई प्रखंडवासी विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद, मुंश खेस, सुरेंद्र प्रसाद, सिमडेगा सदर एवं शहरवासी विधायक प्रतिनिधि तिलका रमण, शीतल एक्का, अरविंद लुगुन, निरोज बाड़ा, इम्तियाज अहमद से सम्पर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके ये सभी प्रतिनिधि सप्ताह में सोमवार से लेकर शनिवार तक छह दिन प्रखंड कार्यालय में भी बैठेंगे। साथ ही जनता की समस्या सुनकर उनका समाधान करेंगे। उन्होंने प्रतिनिधियों को भी लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया है।

## चलते चलते एक नजर

### नए आपराधिक कानून पर 163 मास्टर ट्रेनर को मिला प्रशिक्षण



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नए आपराधिक कानून को लेकर 163 मास्टर ट्रेनर को ई-एसएकेएचवाईए एप का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण गुरूवार को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में दिया गया। इसमें झारखंड पुलिस की पूर्व से चयनित 163 मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन राज्य सूचना विभाग पदाधिकारी एनआईसी झारखंड की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में एडीजी आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण सुमन गुप्ता सहित गृह विभागकी ओर से गठित कमेटी के सभी सदस्य शामिल थे।

### उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर केंद्रीय वन मंत्री वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर दिए निर्देश

**देहरादून :** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। वन मंत्री ने वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर इस आपदा से निपटने संबंधी उपायों की समीक्षा की। उन्होंने नरेंद्रनगर वन प्रभाग के अंतर्गत शिवपुरी, हिंडोलाखाल, बेमुंडा, आगराखाल आदि वन रेंजों का दौरा कर वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय वन मंत्री ने भागीरथी वृत्त के अंतर्गत नरेंद्र नगर एवं टिहरी वन प्रभागों में विभिन्न स्थलों का दौरा कर वनाग्नि से प्रभावित सुदूर वन क्षेत्र एवं वन विभाग की तैयारियों की समीक्षा की। नरेंद्रनगर रेंज के अंतर्गत हिंडोला खाल, बेमुंडा एवं आगराखाल क्षेत्र में वनाग्नि से प्रभावित वन क्षेत्रों, वन विभाग के उपायों एवं प्रदान किए जा रहे सहयोग का भी जायजा लिया। हिंडोलाखाल में दौरे के दौरान केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं ज्यादा हो गई थी। ये घटनाएं ज्यादातर चीढ़ के जंगलों में घटित हुई हैं। जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ी हैं। भ्रमण के दौरान इनकी मॉनिटरिंग करने के साथ बैठकें भी की गई। इसमें आग लगने के स्थानीय कारणों का पता लगाने की कोशिश की गई। वन मंत्री ने कहा कि आज हालात नियंत्रण में हैं, इसलिए स्थलीय निरीक्षण आवश्यक था ताकि यहां की भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया जा सके। जनसहभागिता और जनसहमति सुनिश्चित करने के साथ शासन और वन विभाग समन्वय के साथ आग की घटनाओं को रोक सके। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम कर रही है।

# दिल्ली बनी लू से मौतों की राजधानी 10 दिन में गर्मी से करीब 200 मौतें

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की बड़ी आबादी इस बार प्रचंड गर्मी और लू से जूझ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है। हालात ऐसे हैं कि घर के बाहर ही नहीं, घर के अंदर भी लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 10 दिनों में करीब 200 मौतें दिल्ली में गर्मी और लू की वजह से हुई हैं। इस रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का सबसे ज्यादा शिकार बेघर लोग बन रहे हैं। गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों के मौत की सूचना मिली है। पिछले 48 घंटे में दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में 116 ब्रॉट डेड मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें 30 मरीजों की मौत हीट स्ट्रोक और गर्मी से संबंधित बीमारी की वजह से हुई है। 13 मौतें तो एक ही अस्पताल में हुई हैं। उत्तर-पश्चिम भारत में लगातार चढ़ता पारा आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा। ऐसे में लोगों को कई गंभीर स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा। वहीं सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (ष्ठाष्ठ) संस्था के अनुसार, जून में अब तक कुल 348 लोगों की मौत को चुकी है। संस्था का यह भी दावा है कि जिन डेड बॉडी की पहचान नहीं हो पाती है उसमें से 80 फीसदी बेघर होते हैं। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल मई में 371 की जान गई थी तो जून में 277 मौतें हुई थीं। कोविड काल 2020 के मई में 255 और जून में 356 मौतें हुई थीं। 2021 मई में 259 और जून में 255 मौतें हुई थीं। 2022 मई में 354 और जून में 451 मौतें हुई थी। 2023 के मई में 371 और जून में 277 जानें गई थीं।पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान उसने 50 लोगों के शव बरामद किए। ये सभी लोग बेघर पृष्ठभूमि के थे। हालांकि, पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या सभी की मौत गर्मी के कारण हुई है। हालांकि यह ऐसे समय में हुई हैं जब शहर में गर्मी से मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा। बेघर लोगों के लिए काम करने वाले एनजीओ ने कहा कि इन 48 घंटों में पाए गए कुल अज्ञात शवों में से 80 फीसदी ऐसे हैं जिनके घर का कोई पता नहीं मिला है।



### विवाहिता ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल में गुरुवार को एक विवाहिता ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार महिला की शिनाख्त पूजा देवी (29) के रुप में की गयी है। पूजा गुजरात की रहने वाली है। पूजा का विवाह देवेश कुमार रंजन से दिसम्बर 2023 में हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही पूजा मायके चली गयी थी। कुछ दिन पहले ही आयी थी। ओपी प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतका के परिजनों को मामले की सूचना दे दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने सांसद को सौंपा मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के सभी 21 वार्ड के विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद को मांग पत्र सौपा गया है। इस मौके पर शुभम गुप्ता, मनोज महतो, सनी शर्मा, निशांत कश्यप मुख्य रुप से उपस्थित थे। मेदिनीनगर स्थित सांसद के आवास पर सौंपे गये मांग पत्र में मूल रूप से शहरी जिलापूर्ति टंडवा, रेलवे स्टेशन, ऊँचरी गर्ल हाई स्कूल के पास पाइप का कनेक्शन अविलंब जोड़कर आम जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने की मांग की गयी है। मांग पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद क्षेत्र के 21 वार्ड में से पूर्ण रूप से चार-पांच वार्ड में सप्लाई जल की आपूर्ति हो पा रही है। अन्य वार्डों में सप्लाई आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसे अविलंब युद्ध स्तर पर कार्य करा आम जनमानस को पानी उपलब्ध कराने की मांग की गयी है। मांग पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में पोल तार की व्यवस्था नहीं होने पर आम जनता को कठिनाइयों का सामना कर अपने घर पर बिजली लाना पड़ रहा है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष द्वारा सभी वार्ड में पोल तार लगाने का कार्य कराने की मांग किया गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि शहरी जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के दौरान सभी वार्ड के रोड नाली को क्षतिग्रस्त किया गया है जिससे मोहल्ले वासियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों को हर संभव सहयोग देंगे : मुख्यमंत्री साय

एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गुरुवार को मंत्रालय में निवेशकों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश करने में रुचि दिखाई है। निवेशकों में इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और आईटी क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनी टेलिपरफॉर्मेंस शामिल हैं।इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने जशपुर में ग्रीन फील्ड सोलर प्लांट की स्थापना तथा नवा रायपुर अटल नगर में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब स्थापित करने में रुचि दिखाई है। कंपनी की योजना जशपुर में 400 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित करने की है। इसी तरह टेलिपरफॉर्मेंस कंपनी आईटी एवं आईटीज के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है, जिसने नवा रायपुर अटल नगर में 500 सीटर क्षमता का बीपीओ स्थापित करने में रुचि दिखाई है।



मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों से चर्चा के दौरान कहा कि कंपनियों की जरूरत के अनुसार छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनकी स्किल बढ़ाई जाए और उन्हें स्थापित की जाने वाली इकाईयों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराया जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के तहत छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले उद्यमियों और कंपनियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उद्योगों को प्रदेश में प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे प्रदूषण नहीं हो। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चर्चा के दौरान कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया गया है। यहां निवेश करना निवेशकों के लिए काफी सुविधाजनक होगा।

## सरकार के पास पैसों की कमी सिर्फ गरीब, युवा किसान और महिलाओं के लिए रहती है : बाबूलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों की योजनाएं चलाने के लिए पैसे का रोना रोती है। उन्होंने कहा कि जहां गठबंधन सरकार के पास महिलाओं को चूल्हा खर्च देने के नाम पर 2000 रुपये तक नहीं हैं, जहां बेरोजगारी भत्ता देने में सरकार की रूह कांप उठती है, जहां किसानों की दो लाख तक कर्ज माफी करने में सरकार के पास पैसे नहीं बचते है, जहां गरीबों की थाली में दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में पैसे की कमी हो जाती है, उसी गठबंधन सरकार के लिए खुद के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां मुख्यमंत्री को महीने के 80,000 रुपये, मंत्री और राज्यमंत्री को 65,000 रुपये तथा विधायकों को 40,000 रुपये कम पड़ जाते हों, वहीं झारखंड की आम जनता के भविष्य और जीवन यापन के लिए सरकार के पास 2 आना भी नहीं है। ये कैसी सरकार है जिसकी, बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में सांसें फूलने लगती हो, छात्रों के लिए नौकरी का विज्ञापन निकालने में हाथ थरथराने लगते हों। उन्होंने कहा कि मज़दूरों की मजदूरी बढ़ाने में जिनकी इंसानियत मर जाती हो, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में जिनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक जाती हो, गरीबों के बेहतर जीवन यापन की गारंटी देने में जिनकी कलम चलनी बंद हो जाती है, किसानों के साथ न्याय करने में जिनके पसीने छूटने लगते हों, झारखंड की जनता ऐसी सरकार के बारे में जानना चाहती है। जब बात खुद के इंतजाम की आती है तो इतने पैसे सरकार के किस बटुए में आ जाते हैं, सरकार के आंगन में लगा वो कौन सा पैसों का पेड़ है जो सत्ताधारियों, जन प्रतिनिधियों के लिए ही धन की वर्षा करता है कि सभी के वेतन में 20,000 रुपये का इजाफा कर दिया जाता है।

### झामुमो अपने साढ़े चार वर्षों तक युवाओं के साथ किए अत्याचार को बताए : डॉ प्रदीप वर्मा

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता की प्रेसवार्ता पर तीखा पलटवार किया है। वर्मा ने कहा कि राज्य के हर हिस्से, प्रत्येक विभाग में आकंठ भ्रष्टाचार करने वाले लोगो से केंद्र सरकार और अन्य एजेंसियों पर उंगली उठाना एक मजाक ही लगता है। यहां सौ चूहे खा कर हज यात्रा पर जाने वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखती है। उन्होंने कहा कि आज एनटीए, यूजीसी और नीट पर सवाल खड़ा करने वाले झामुमो को बताना चाहिए कि कैसे उनकी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य के बेरोजगार युवाओं को केवल ठगा है। झामुमो बताए कि कैसे जेपीएससी ,जेएससीसी की परीक्षाएं बार बार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं। कैसे कई जिलों में सेंटर ही बिक गए। कैसे लगातार सीरीज में रॉल नंबर के परीक्षार्थी परीक्षा में पास हुए। कैसे गड़बड़ी वाले सेंटर की ओएमआर सीट गायब की गईं। उन्होंने कहा कि झामुमो बताए कि कैसे राज्य सरकार के दलालों बिचौलियों के व्हाट्स एप चैट में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र की बोली लगाई गई, बेचा गया। उन्होंने कहा कि ये वही ठगबंधन सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाईं और डराने धमकाने के लिए मुकदमे दर्ज किए। उन्होंने कहा कि आज ये नीट और यूजीसी पर सवाल खड़े कर रहे जबकि केंद्र सरकार इस पर पूरी तरह गंभीर है। नीट का मामला न्यायालय में दर्ज है। जो भी निर्देश आएगा केंद्र सरकार उसका पूरी तरह अनुपालन करेगी, ऐसा केंद्रीय मंत्री ने पहले ही कहा है। उन्होंने कहा कि नीट के संबंध में जो गड़बड़ियां उजागर हुई हैं, उसमें इनके एलायंस पार्टनर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के सहयोगी का नाम उजागर हुआ है। अच्छा होता झामुमो इस पर अपनी प्रतिक्रिया देता।

### इलाज के लिए आया एक और बांग्लादेशी नागरिक लापता, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद की हत्या के बाद अभी तक शव के टुकड़े बरामद नहीं किया जा सके हैं। इस बीच एक और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि लापता बांग्लादेशी नागरिक को खोजने के लिए अभियान शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद दिलवर हुसैन (23) नामक व्यक्ति इलाज के लिए कोलकाता आया था और मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित एक होटल में ठहरा हुआ था। अधिकारी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि हम होटल के सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ होटल के आस-पास के इलाकों की भी जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होटल से उसके निकलने का फुटेज बरामद हुआ है और सड़क पर भी कई जगह स्पॉट किया गया है लेकिन उसके बाद से वह लापता है।

## समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है।राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होंने पुनर्निर्मित प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस सेंटर का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की।सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि दिव्यांगजन अपने कौशल और प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों और के.एस. राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे सभी लोग इस बात के उदाहरण हैं कि समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक सीमाओं को पार कर सकता है।राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति संस्थान पिछले कई दशकों से विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों की सराहना की।



## झामुमो अध्यक्ष ने सौंपा मांग पत्र, सक्षम पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने झूठा केस करने से संबंधित गढ़वा उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा है। मामले में सक्षम पदाधिकारी से उचित जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया है कि 19 जून को स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू आमजन को स्वास्थ्य लाभ दिलाने सदर अस्पताल गए थे। अस्पताल पहंचने पर पाया कि डाक्टर अपना डयूटी छोड़कर गायब थे, ओपीडी में कोई नही था। इसकी शिकायत मैनेजर सत्यनारायण से किया। शिकायत सुनकर मैनेजर काफी गुस्सा में हो गए एवं उंची आवाज में चिल्लाने लगे।

दोनो में बहसबाजी हुआ और कार्रवाई के डर से मैनेजर द्वारा झूठा केस किया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार के द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था कराई गई है तथा सभी जीवन रक्षक दवा भी उपलब्ध कराई गई है। इन लोगों के लापरवाही से ही सरकार की छवि धुमिल हो रही है। सदर अस्पताल में डाक्टर ड्यूटी से हमेंशा गायब रहते हैं और अपना निजि क्लिनिक चलाते हैं। मांग पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक माह सभी गायनी चिकित्सकों की समीक्षा किया जाय कि कौन कितना प्रसुती करवाया है। महिला चिकित्सकों का जिला मुख्यालय में ही आवासीय होना चाहिए जिनका पदस्थापन गढ़वा में हो। चिकित्सकों की उपस्थिति अस्पताल में लगे बायोमेट्रिक से ही हो ऐसी व्यवस्था की जाय। उन्होने सक्षम पदाधिकारी से उचित जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। मांग पत्र सौंपने वालों में झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो नेता धीरज कुमार दुबे, अशर्फी राम आदि के नाम शामिल हैं।

### कंचनजंघा रेल दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में मालगाड़ी चालक दल को दोषी ठहराया गया

**कोलकाता :** हाल ही में हुई कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि न्यू जलपाईगुड़ी रेल डिवीजन के परिचालन विभाग और यात्री ट्रेन से टकराने वाली मालगाड़ी के चालक दल की चूक थी। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को कंचनजंघा एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर में यात्री ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के चालक सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि यह टक्कर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास हुई। मालगाड़ी के इंजन की टक्कर के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस के चार पिछले डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्घटना के तुरंत बाद रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने दुर्घटना का कारण बताया था कि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# नीट पेपर लीक मामले में जवाब दें तेजस्वी यादव : विजय सिन्हा

एजेंसी

**पटना :** नीट पेपर लीक मामले में बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बड़ा खुलासा किया है.बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नीट पेपर लीक मामले में प्रेस कान्फ्रेंस कर खुलासा करते हुए बताया कि नीट पेपर लीक मामले के आरोपी सिकंदर के लिए तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम यादव ने ही पटना में गेस्ट हाउस बुक कराया था. विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम यादव और आरोपी सिकंदर का आपस में संबंध है. विजय सिन्हा ने कहा कि एनएचएआई के गेस्ट हाउस के मामले को लेकर मैने पदाधिकारियों से साथ बैठक की है. 1 मई को तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम यादव के मोबाइल 7488061813 से रात 9 बज कर 7 मिनट को एनएचएआई के ऑफिस एक्सक्यूटिव प्रदीप कुमार के मोबाइल नम्बर 9430469924 पर कॉल कर कमरा बुक कराने कहा. उस दिन प्रदीप कुमार ने संज्ञान नहीं किया तो 4 को फिर 7488061813 मोबाइल से बुकिंग के लिए कहा गया. 4 मई को प्रीतम यादव ने 3 बार कॉल किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विजय सिन्हा एनएचएआई के ही हाउस को बुक कराने के लिए प्रीतम कुमार के द्वारा किए गए कॉल डिटेल को दिखाया.



विजय सिन्हा ने कहा कि प्रीतम कुमार तेजस्वी के पीएस हैं इस लिए बुकिंग में मंत्री शब्द का इस्तेमाल किया. बिना आवंटन लेटर के लोग एनएचएआई के गेस्ट हाउस में रुक रहे थे.

विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव यह स्पष्ट करें आज भी प्रीतम उनके आप्त सचिव है ,और सिकंदर यादवेंदु से क्या संबंध है. सिकंदर यादवेंदू लालू यादव जब रांची जेल में बंद थे तो रांची में सारा इसी का था. सिकंदर यादवेंदी को दानापुर का प्रभार किसने दिया? विजय सिन्हा ने कहा कि सिकंदर की पहुंच तेजस्वी के घर से लेकर बाहर तक थी. इस मामले में तेजस्वी यादव जवाब दें. पथ निर्माण विभाग के तीन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार ध्रमकांत, उमेश राय पर कार्रवाई की गई. इनकी लापरवाही और तथ्य को छुपाने को लेकर सस्पेंड किया गया है. पिछले एक साल में विभाग से जुड़े सभी गेस्ट हाउस में रहने वाले की पूरी जानकारी ली जाएगी. प्रीतम कुमार और अन्य लोग जिनका नाम आ रहा है इसकी जांच हो. बिहार को कलंकित करने वाले राजद से जुड़े मानसिकता के लोग हैं. बिहार की बदनाम करने और मुझे घेरा में लाने का प्रयास किया गया. मैं प्रीतम कुमार और सिकंदर संबंधी है इसकी भी जांच कराई जाएगी.